नई दिल्ली

नई दिल्ली, शुक्रवार 28 फरवरी 2020

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 23, अंक : 343
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00 *


मौसम
अधि. 26.2
न्यून. 11.7


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 जीत की हैट्रिक, भारत सेमीफाइनल में






## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी कल नए एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार प्रस्तावित एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे को जोड़ेगा। इसकी घोषणा 2018 में की गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार बुंदलेखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण करा रही है जो चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर और जालौन जिलों को जोड़ेगा। यह एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड क्षेत्र को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेस वे के जरिए राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ेगा। .

### रॉ के पूर्व प्रमुख ने की फारूक से मुलाकात



**श्रीनगर।** रॉ के पूर्व प्रमुख ए एस दुलत ने हाल में यहां जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला से मुलाकात की, लेकिन उनकी बातचीत का ब्योरा उपलब्ध नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला के करीबी मित्र रहे दुलत ने उनसे लंबी बातचीत की। दुलत से जब इसे बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस तरह की कोई बैठक होने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि मेरे पास कहने को कुछ नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि यह बैठक अब्दुल्ला के गुपकर रोड स्थित आवास पर 12 फरवरी को हुई थी। अब्दुल्ला के इस आवास को जम्मू कश्मीर के गृह विभाग ने एक अनुषंगी जेल के रूप में परिवर्तित कर दिया है।

## नजरिया



## दिल्ली हिंसा की जांच के लिए 2 एसआईटी गठित, दंगा ग्रस्त इलाकों से लोगों का पलायन जारी

# आप पार्षद ताहिर पर अंकित की हत्या का केस घर की छत पर मिले पेट्रोल बम, पत्थर और तेजाब

**आम आदमी पार्टी ने लिया एक्शन ताहिर हुसैन को किया सस्पेंड**

**मुझ पर लगाए गए आरोप झूठे है, मैं बिल्कुल निर्दोष हूं: ताहिर**

**जावेद अख्तर ने दिल्ली पुलिस से किया सवाल- सिर्फ ताहिर पर कार्रवाई क्यों?**

**कपिल मिश्रा बोले- जिसके छत से पेट्रोल बम मिला उससे कोई सवाल नहीं, मुझे आतंकी कहा जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के पार्षद ताहिर हुसैन पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। ताहिर हुसैन के खिलाफ आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या का आरोप होने के साथ साथ दंगा भड़काने आदि की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दिल्ली के दयालपुर थाने में दर्ज एफआईआर संख्या 65 है। जिसमें प्रमुख आईपीसी की धारा 201 और 302 हैं। पुलिस ने बताया कि आईबी अधिकारी अंकित शर्मा के पिता की शिकायत पर आम आदमी पार्टी के पार्षद ताहिर हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। ताहिर हुसैन की बिल्डिंग को पहले ही सील कर दिया गया था। फॉरेन्सिक टीम ने बिल्डिंग के अंदर से कई नमूने भी लिए। गुरुवार को दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर एनएन श्रीवास्तव खुद मुस्तफाबाद गए थे। वहां लोगों से बातचीत करने और मौके का मुआयना करने के बाद ताहिर के खिलाफ मामला दर्ज करने की बात कही थी। बता दें कि मुस्तफाबाद में ताहिर हुसैन की घर की छत से पेट्रोल बम, गुलेल, पत्थर और तेजाब मिले हैं। ताहिर ने खुद को निर्दोष बताया है।


वहीं दिल्ली हिंसा की जांच स्पेशल इन्वेस्टिगेटिंग टीम (एसआईटी) करेगी। इसके लिए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के तहत दो एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी की एक टीम के मुखिया डीसीपी जॉय टिर्की होंगे जबकि दूसरी टीम के हेड डीसीपी राजेश देव होंगे। दोनों एसआईटी टीमों में चार-चार एसीपी होंगे यानी कुल आठ एसीपी। इसके अलावा तीन-तीन इंस्पेक्टर, चार-चार सब-इंस्पेक्टर और बाकी पुलिसकर्मी रहेंगे।

### नहीं थम रहा मौत का आंकड़ा, मृतकों की संख्यां 38 हुई



### हाईकोर्ट ने केंद्र-दिल्ली पुलिस से चार हफ्ते में मांगा जवाब

दिल्ली हिंसा से जुड़े भड़काऊ भाषण मामले पर गुरुवार भी दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार कोर्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा कि वो सारे वीडियो देख रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को चार हफ्ते में जवाब देने के लिए कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएए को लेकर उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुई साम्प्रदायिक हिंसा के मामले में एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तारी की मांग वाली याचिका में केन्द्र का पक्षकार बनने का अनुरोध स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि हालातों को देखते हुए लगता है कि केंद्र सरकार को भी पार्टी बनाना जरूरी है।



#### मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का स्थानांतरण

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एस. मुरलीधर का पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में तबादला कर दिया गया है। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने कुछ दिन पहले ही उनके स्थानांतरण की सिफारिश की थी।

#### दंगे कराने में आप का कोई नेता हो तो उसे दोगुनी सजा दो: केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के पार्षद ताहिर हुसैन को लेकर जब अरविंद केजरीवाल से सवाल किया गया तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अगर आम आदमी पार्टी का कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उस व्यक्ति को दोगुनी सजा दी जानी चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

#### हिंसा में मरने वाले परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा

दिल्ली हिंसा में घायल हुए जिन लोगों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है, उसका खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसका एलान किया। इसके साथ ही हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के 'फरिश्ते' स्कीम के तहत घायल लोग किसी भी प्राइवेट अस्पताल में मुफ्त में अपना इलाज करा सकते हैं।

#### अंकित की चाकू मारकर की गई थी हत्या

दिल्ली हिंसा में मारे गए आईबी के कर्मचारी अंकित शर्मा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उनके पेट और सीने में चाकू मारा गया था। पूरे शरीर पर चाकू के कई निशान हैं। उनकी हत्या बेरहमी से की गई।

#### 1500 जवानों ने दिया खून

पैरा-मिलिटरी फोर्स उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाके में सुरक्षा दे रही है तो वहीं, हिंसा की आग में झुलसे दिल्लीवासियों की जान बचाने के लिए सीआरपीएफ के 1500 जवानों ने अपना खून दिया है।

#### राष्ट्रपति से मिला कांग्रेस शिष्टमंडल, मनमोहन ने याद दिलाया राजधर्म

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुवाई में पार्टी के शिष्टमंडल ने बृहस्पतिवार को दिल्ली हिंसा मामले पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात कर आग्रह किया कि वह केंद्र सरकार से राजधर्म का पालन कराने और गृह मंत्री अमित शाह को हटाने के लिए कदम उठाएं।



#### रविशंकर प्रसाद की दो टूक- सीएए पर हम पीछे नहीं हटेंगे

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को वापस लेने की मांग को लेकर दिल्ली के शाहीन बाग में 70 से ज्यादा दिनों से प्रदर्शन जारी है। दिल्ली के अलावा देश के कई और शहरों में प्रदर्शन के जरिए सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही, लेकिन सरकार अपने फैसले से पीछे हटने को तैयार नहीं है। कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को देहरादून में कहा कि सीएए पर हम पीछे नहीं हटेंगे, ये नरेंद्र मोदी की सरकार है।



### शव लेने के लिए अस्पताल के बाहर इंतजार में रिश्तेदार



उत्तर पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में हिंसा में जहां लोगों को अपनों को खोने का गम साल रहा है, वहीं उनके शवों को लेने के लिए उनके रिश्तेदारों को जीटीबी अस्पताल के शवगृह के बाहर लंबा इंतजार करना पड़ रहा है क्योंकि शव सौंपे जाने से पहले उनका पोस्टमार्टम होना है। हिंसा भड़कने के बाद से लापता चल रहे लोगों के परिजन अस्पताल अधिकारियों से यह पता करने को कह रहे हैं कि कहीं शवों में उनके अपनों का शव तो नहीं है या कहीं अस्पताल में उनका इलाज तो नहीं चल रहा है।

### 1 हजार सीसीटीवी फुटेज से मामले की हो रही जांच

एसआइटी कई लोकेशन पर कर रही छापेमारी एसआइटी कई लोकेशन पर छापेमारी कर रही है। इससे दंगे भड़काने वाले आरोपितों में खौफ है। एक हजार से ज यादा सीसीटीवी फुटेज को जमा कर जांच की जा रही है। हालांकि पुलिस के अलावा एसआइटी भी विस् तार से इन सीसीटीवी की फुटेज की जांच करेगी। दिल्ली पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी और 30 एफआइआर और दर्ज किए जाएंगे। उत्तरी पूर्वी जिले में हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस ने क्राइम ब्रांच की दो अलग-अलग टीम बनाई। क्राइम ब्रांच के दो डीसीपी टीम का नेतृत्व करेंगे। वहीं, दोनों में चार एसीपी के अलावा इंस्पेक्टर सहित 15 पुलिसकर्मी शामिल होंगे। उत्तर-पूर्वी दिल्ली हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक कुल 48 एफआइआर दर्ज कर 106 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन के फुटेज के आधार पर अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की कोशिश लगातार कर रही है। अब एसआइटी गठित होने से मामले में तेजी से जांच की उम्मीद बंध गई है।








## कोरोना वायरस के कहर दुनिया में मचा हाहाकार

# चीन-जापान से 195 भारतीयों को दिल्ली लाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन के वुहान शहर से फैला कोरोना वायरस दुनिया भर में पैर पसारता चला जा रहा है। चीन के वुहान शहर से सभी देश अपने नागरिकों को निकालने में लगे हुए हैं। भारत भी चीन के वुहान और जापान से भारतीय नागरिकों के साथ ही विदेशियों को निकाल रहा है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया कि चीन के वुहान और जापान से 195 भारतीयों और 41 विदेशी नागरिकों को गुरुवार को सुबह दो विशेष उड़ान में भारत लाया गया। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 842 भारतीयों और 48 विदेशी नागरिकों को चीन और जापान से निकाला जा चुका है। चीन और जापान से लाए गए सभी लोगों को डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की निगरानी में रखा गया है। अगर जांच में किसी के कोरोना वायरस की चपेट में आने की बात सामने आती है, तो उनको अलग वार्ड में रखा जाएगा, जिनमें कोरोना वायरस के लक्षण नहीं मिलेंगे, उनको छुट्टी दे दी जाएगी।

*अब तक 842 भारतीयों और 48 विदेशियों को निकाला गया*



**चीन के बाद द. कोरिया में सबसे ज्यादा मामले**

*चीन के बाहर दुनिया के दूसरे देशों यानी दक्षिण कोरिया में 1595 लोगों, जापान में 894, इटली में 447, ईरान में 139 लोगों, सिंगापुर में 93, हांगकांग में 91, अमेरिका में 60, थाईलैंड में 40, बहराईन में 33, ताइवान में 31, ऑस्ट्रेलिया में 23, मलेशिया में 22, जर्मनी में 24, फ्रांस में 18, कुवैत में 18, वियतनाम में 16, ब्रिटेन में 13, संयुक्त अरब अमीरात में 13 और कनाडा में 12 लोगों के कोरोना वायरस के चपेट में आने की खबर है।*

#### ड्रेगन ने किया दावा अप्रैल तक वायरस पर पा लेंगे काबू

वहीं, चीन में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या 2 हजार 744 पहुंच गई है, जबकि 78 हजार 497 लोगों के कोरोना वायरस की चपेट में आने की पुष्टि हुई है। गुरुवार को चीन के हेल्थ एक्सपर्ट ने दावा किया कि देश में कोरोना वायरस के प्रकोप पर अप्रैल के आखिरी तक काबू पा लिया जाएगा। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने चीन के रेस्पिरेटरी डिसीज स्पेशलिस्ट झोंग नानशन के हवाले से कहा कि वुहान में ही कोरोना वायरस का सबसे अधिक कहर है।

**भड़काऊ भाषण मामला**

### कोर्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा- किसी के खिलाफ जल्दबाजी में कार्रवाई ठीक नहीं

# फिलहाल एफआईआर नहीं, वीडियो की हो रही जांच





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भड़काऊ भाषण देने के मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि वह फिलहाल किसी भी शख्स के खिलाफ जल्दबाजी में केस दर्ज नहीं करना चाहती है। हालांकि भड़काऊ भाषणों के वीडियोज की जांच की जा रही है लेकिन पुलिस की पहली प्राथमिकता दिल्ली के हालात को सामान्य करने की है।

जिसके बाद मामले की सुनवाई को 13 अप्रैल तक के लिए टाल दिया गया। बीजेपी के तीन नेताओं अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा और कपिल मिश्रा के ऊपर भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने अदालत में अपना जवाब दाखिल किया। दिल्ली पुलिस ने अपने जवाब में कहा कि पुलिस के पास सिर्फ इन नेताओं के ही नहीं बल्कि और भी कई सारे वीडियोज मौजूद हैं जिनकी पड़ताल की जा रही है, और जांच पूरी होने के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस का कहना है कि जल्दबाजी में किसी के खिलाफ मामला दर्ज करना ठीक नहीं होगा। क्योंकि इस वक्त दिल्ली पुलिस जो हालात को सामान्य करने की कोशिश कर रही है उसके कामकाज के ऊपर भी असर पड़ सकता है।

### कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार से मांगा जवाब

वहीं केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में दलील देते हुए कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के अंतर्गत आती है। लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका में केंद्र सरकार को पार्टी नहीं बनाया गया है, लिहाजा केंद्र सरकार को भी इसमें पार्टी बनाया जाए जिससे कि केंद्र सरकार भी अपना पक्ष कोर्ट के सामने रख सके। केंद्र की इस मांग के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को पार्टी बनाकर नोटिस जारी किया और 4 हफ्ते में जवाब देने को कहा है।

### जस्टिस मुरलीधर की जगह मुख्य न्यायाधीश ने की सुनवाई

गौरतलब है कि बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस मुरलीधर ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को निर्देश देते हुए कहा था कि वह भड़काऊ भाषण मामले में भड़काऊ भाषण देने वालों के खिलाफ किन धाराओं के तहत मामला दर्ज हो सकता है इस बात पर विचार करें और कोर्ट में आज दिल्ली पुलिस को वह रिपोर्ट देनी थी। लेकिन गुरुवार को इस मामले की सुनवाई जस्टिस मुरलीधर के सामने नहीं बल्कि मुख्य न्यायाधीश के सामने हुई। बता दें कि कल इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश करने वाले थे लेकिन मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश के छुट्टी पर रहने के कारण जस्टिस मुरलीधर ने मामले की सुनवाई की थी।

### जज मुरलीधर के तबादले पर भाजपा ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हिंसा के बीच जज मुरलीधर के स्थानांतरण पर भी राजनीतिक बवाल मच गया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद सफाई देते हुए भाजपा ने कहा कि स्थानांतरण कोलेजियम की सिफारिश पर हुई है। केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहाकि जज मुरलीधरन का स्थानांतरण एक प्रक्रियागत निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली कोलेजियम ने गत 12 फरवरी को उनके तबादले की सिफारिश की थी,इसके लिए जज की सहमति भी ली गई थी।

## अस्थायी तौर पर रहने वाले लोगों ने इलाका छोड़ा



**नई दिल्ली।** नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली का कबीर नगर इलाका मुस्लिम बाहुल्य इलाका है। सीएए समर्थकों और विरोधियों की बीच भिड़त की शुरुआत इसी इलाके के जाफराबाद मेट्रो स्टेशन के नीचे से शुरू हुई थी। विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन दिन बाबरपुर व कबीर नगर के बीच इसी हिस्से में सबसे पहले और ज्यादा पत्थरबाजी हुई। इसकी वजह मौजपुर व बाबरपुर की हिंदू आबादी वाले क्षेत्र का सटा होना भी माना जा रहा है। टकराव ज्यादा बढ़ने की आशंकाए इसी कारण से जताई जा रही है। अब अमन व शांति के पैरोकार रहे संत कबीर दास के नाम पर बसे इस इलाके में अस्थायी तौर पर रह रहे लोग पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। गुरुवार सुबह अपना बौरिया-बिस्तर समेटे डरे सहमे कई लोग अपने मूल निवासों की ओर जाते हुये दिखाई दिये। उनका कहना था कि हालात पूरी तरह से सामान्य होने के बाद ही लौटने पर विचार करेंगे। इन इलाकों में रहने वाले ज्यादातर लोग पश्चिमी उत्तर-प्रदेश के शहरों से यहां आकर रहे रहे है। धीरे-धीरे आमदनी का जरिया स्थापित किया। यूपी के मुरादाबाद से आये मोहम्मद शफीक का कहना है कि हालात बहुत खराब हो गये थे। वह ही जानते है कि पिछले चार दिनों से वह किस खौफ और डर के साये में यहां रह रहे थे। गांव से लगातार परिजनों के फोन आते रहे। शफीक अपने कुछ दोस्तों के साथ कबीर नगर के एक जींस पैंट कारखाने में काम करता है। उसका कहना है कि जब से दंगे भड़के हैं सारा कामकाज ठप्प पड़ा है। खाने पीने के सामान के भी लाले पड़ गये हैं। पिछले चार दिनों में उन्होंने बामुश्किल तीन बार ही खाना खाया होगा। इसलिये सभी ने तय किया कि वे कुछ दिन गांव में ही जाकर कुछ छोटा-मोटा काम करेंगे। हालात अच्छे बनें तो वापस आएंगे वरना वहीं सैटल हो जाएंगे। अब तो परिवार भी उन पर बाहर जाकर कमाने का दबाव नहीं बनाएगा। यूपी के ही रहने वाले शदाकत हुसैन का कहना है कि उन्हें सीएए और एनआरसी से कोई लेना देना नहीं है। न ही उन्होंने अब तक इस बारे में कभी कुछ सोचा भी। जो भी फसाद हो रहा है वह राजनीतिक संरक्षण के बगैर नहीं हुआ। इसमें किसी न किसी दल की भूमिका जरुर रही है। शदाकत ने भी गांव जाने का फैसला कर लिया है। उधर दशकों से रह रहे अपना काम जमा चुके लोगों का कहना है कि हालात कैसे भी हो वह यहां से छोड़कर नहीं जाएंगे। भले दोबारा उठने में कितना भी समय क्यों न लगें।

## अंकित शर्मा के परिवार से मिले भाजपा सांसद और विधायक

**.नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा में मारे गए आईबी अफसर अंकित शर्मा के परिवार से मिलने भाजपा के राज्यसभा सांसद विजय गोयल व विधायक मोहन सिंह बिष्ट पहुंचे। दोनों ने अंकित शर्मा के परिजनों से मिलकर बेहद दुख प्रकट किया व हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की ही। इस मौके पर लोगों ने बताया कि वहीं के 200 से ज्यादा लोग दंगों में घायल हुए है। अनेकों घर, दुकान तबाह



कर दिए गए है। कईयों की जान भी चली गई है। लोगों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए गोयल ने कहा कि अंकित शर्मा की हत्या सोची-समझी साजिश लगती है और इसकी जांच होनी चाहिए। 'आप' के पार्षद ताहिर हुसैन के घर भी पेट्रोल बम, पत्थर और हथियार मिलना किसी गहरी साजिश की और ईशारा कर रही है। धीरे धीरे सामने आने लगा है कि पार्षद हुसैन का दंगे भड़काने में हाथ है। गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार और खासतौर से गृहमंत्री अमित शाह ने लगातार मीटिंगें करते हुए स्थिति को काबू करने के लिए लगातार प्रयास किया है जो अब दिख भी रहा है।

## पोस्टमार्टम और इलाज में देरी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** जीटीबी अस्पताल में चल रहे उत्तर पूर्वी दिल्ली में हिंसा के घायलों के इलाज व मृतकों के पोस्टमार्टम में देरी पर पूर्व कांग्रेसी मंत्री नरेंद्रनाथ व पूर्व विधायक वीर सिंह धिंगान ने सवाल उठाए है। घायलों से मिलने पहुचे इन नेताओं ने कहा कि मौके पर मौजूद कई परिवारों का आरोप है कि ने पोस्टरमार्टम में बेहद देरी हो रही है। जबकि घायलों के परिजनों ने आरोप लगाए की अस्पताल में दवाइयां तक नहीं है, शरीर की विभिन्न जांच करने वाली मशीनें तक खराब पड़ी है। नरेंद्रनाथ ने कहा कि हाल यह है कि आईओ के गृह सचिव के पास जाने के बाद होम सेक्रेटरी बोर्ड बनाने का आदेश दे रहे हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि पोस्टमार्टम प्रक्रिया में हो रही देरी को आसान करना चाहिए। वहीं नरेन्द्र नाथ ने कहा कि जीटीबी अस्पताल में ही बोर्ड बनाया जाना चाहिए।

## मालीवाल ने दंगा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर की लोगों से बातचीत


नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने गुरुवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली के दंगा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और दंगा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों और मरीजों से मिलकर अस्पताल शिफ्ट करवाया। उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं और लड़कियों ने मदद की गुहार लगाई और पुलिस की जवाबदेही की मांग की। स्वाति ने अल हिंद अस्पताल का दौरा किया जहां कई पीड़ितों का इलाज किया जा रहा था। 90 साल का एक व्यक्ति बहुत गंभीर स्थिति में वहां लाया गया था। वह 3 दिनों से अपने घर से बाहर नहीं निकल पा रहा था और उसपर दंगाइयों ने घर में घुसकर हमला कर दिया था। डीसीडब्ल्यू की टीम ने बुजुर्ग को बड़े अस्पताल में शिफ्ट करावाया। एक 16 साल का लड़का जिसकी गर्दन में गोली लगी थी, उसे भी तुरंत डीसीडब्ल्यू के वाहन में शिफ्ट कराया गया। वहीं स्वाति ने



एक गर्भवती महिला से भी बातचीत की, जिसके घर और दुकान को जला दिया गया था और उसे दंगाइयों ने पीटा था। किसी तरह वह एक बच्चे को जन्म देने में कामयाब रही जो आज एक दिन का है। डीसीडब्ल्यू ने उसके बयान दर्ज किए और अब एफआईआर और गिरफ्तारी सुनिश्चित करेगा। दौरे के दौरान कई लोगों ने स्वाति ने अपने नुकसान को दिखाया। लोगों ने स्वाति को बताया कि कि कैसे दंगाइयों ने स्कूल की छत से पेट्रोल बम फेंके और कैसे वे किसी तरह से स्कूलों से बच्चों को बचाने में सफल रहे। टीम को यह जानकर बहुत पीड़ा हुई कि एक 19 वर्षीय लड़के को भीड़ द्वारा मार डाला गया और जिंदा जला दिया गया। इस घटना को कई महिलाओं ने स्वयं देखा था, डीसीडब्ल्यू चीफ ने उनसे अपने बयान दर्ज करने का अनुरोध किया और उन्हें सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। स्वाति अपने दौरे की रिपोर्ट दिल्ली और केंद्र सरकार को सौंपेंगी।

## कई स्कूलों में की तोड़फोड़, पुस्तकालयों को जलाया गया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के ब्रिजपुरी इलाके में स्थित एक निजी स्कूल में हिंसा का असर दिख रहा है। हिंसा से प्रभावित यह स्कूल अब टूटे डेस्कों तथा जली किताबों का ढेर बन कर रह गया है । इस स्कूल में एक बोर्ड है जो आधा जला हुआ है और उस पर लिखा है - 'सबसे खुशहाल स्कूल में आपका स्वागत है।' ब्रिजपुरी में स्थित इस स्कूल का नाम अरुण मोर्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल है जो 32 साल पुराना है और अब यह देखने में किसी कब्रिस्तान से ज्यादा नजर नहीं आता। स्कूल के अधिकारी दावा करते हैं कि करीब 70 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। स्कूल की प्रिंसीपल ज्योति रानी ने बताया कि स्कूल में जो कुछ हुआ उससे मैं अब तक उबर नहीं पायी हूं। मेरे लिये सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि जिस वक्त स्कूल में यह सब हुआ उस समय परिसर में बच्चे मौजूद नहीं



थे। मैं इसकी कल्पना भी नहीं करना चाहती कि अगर स्कूल में उस समय बच्चे होते तो क्या होता। उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम हमारा सुरक्षा गार्ड वहां मौजूद था जब भीड़ ने स्कूल परिसर में प्रवेश किया।

### गार्ड अपनी जान बचाने के लिए बाहर भाग गया था

घटना की आशंका से डरा गार्ड अपनी जान बचाने के लिए बाहर भाग गया। इसके दो दिन बाद कहीं जाकर हम स्कूल जाने की हिम्मत जुटा सके हैं। यहां टूटी डेस्क, पुस्तकालय में जली पुस्तकें नजर आ रही हैं, हर जगह गड़बडी है। अब यह देखने में कब्रिस्तान से कम नहीं लगता है। स्कूल के मालिक भीष्म शर्मा ने बताया कि दंगाइयों ने 70 लाख रुपये मूल्य की पुस्तकें जला डाली है।

### 30 साल का रिकॉर्ड खो दिया आगजनी में

उन्होंने बताया कि इस स्कूल का परिचालन 1987 से किया जा रहा है। यह घटना मंगलवार की शाम पांच बजे हुई। वे आये और उन्होंने सबकुछ जला दिया। हमने 30 साल का रिकॉर्ड खो दिया। जिस एक बात के लिए हमें राहत है वह है कि हादसे के वक्त स्कूल में बच्चे नहीं थे, नहीं तो बहुत बड़ा नुकसान होता। इसी तरह की तोड़ फोड़ की स्थिति कई स्कूलों में देखी जा सकती है, इसमें डीपीआर स्कूल, राजधानी पब्लिक स्कूल आदि शामिल है जहां दंगाइयों ने पुस्तकालयों को आग के हवाले कर दिया। गौरतलब है कि संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ और पक्ष में प्रदर्शन कर रहे लोगों के बीच टकराव से चार दिन पहले इस इलाके में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। भीड़ ने मकानों, दुकानों और वाहनों को आग के हवाले करने के साथ ही एक पेट्रोल पंप को आग लगा दी थी। साथ ही स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों पर पथराव भी किया गया था।

## न्यूजीलैंड के उपप्रधानमंत्री पीटर्स ने की दिल्ली के विकास मॉडल की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने आए न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स और उनके प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के विकास मॉडल की जमकर सराहना की। दिल्ली सचिवालय में गुरुवार को हुई इस मुलाकात के दौरान विंस्टन पीटर्स ने दिल्ली के शिक्षा मॉडल पर बेहद गहरी रुचि भी दिखाई।



खासकर दिल्ली के स्कूलों में चल रहे हैप्पीनेस क्लास से न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री बेहद प्रभावित दिखे। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली सरकार के साथ उच्च शिक्षा, व्यापार और इंडस्ट्री में मिलकर काम करने की सहमति जताई। न्यूजीलैंड इज ऑफ डूईंग बिजनेस में पूरी दुनिया में नंबर वन है। वह दिल्ली को इस क्षेत्र में बेहतर करने में सहयोग पर भी सहमत हुआ। न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री गुरुवार को न्यूजीलैंड की संसद सदस्य प्रियंका राधाकृष्णन, पूर्व संसद सदस्य महेश बिंद्रा, प्रधान सलाहकार ग्राहम मोशन, न्यूजीलैंड डिप्लोमेट माइकल एप्लीशन, चीफ प्रेस सेक्रेटरी एलेक्जेंडर मास्टर्स और विदेश मंत्रालय में उत्तर व उत्तर पूर्व डिवीजन के डिवीजनल मैनेजर एंड्रयू नीड्स के साथ दिल्ली सचिवालय पहुंचे थे।

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली सरकार ने शिक्षा बजट को बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया है। साथ ही दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव लाने के लिए दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को विदेश भेजा गया। उन्हें वहां से मिली बेहतर चीजों को दिल्ली के सरकारी स्कूलों में लागू किया गया। मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के स्कूलों में चल रहे हैप्पीनेस क्लास के बारे में विस्तार से बताया। जिसे लेकर विंस्टन पीटर्स काफी उत्साहित थे। उन्होंने बैठक में कहा कि वह पहले स्कूल शिक्षक रह चुके हैं।

### केजरीवाल, सिसोदिया के निर्वाचन को दी हाईकोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली दो याचिकाएं दायर की गई हैं जिनमें आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में दोनों नेताओं ने चुनावी अभियान नियमों का उल्लंघन किया है। न्यायमूर्ति वी. के. राव ने चुनाव में आप नेता सिसोदिया से हारे एक उम्मीदवार की याचिका पर सिसोदिया, चुनाव आयोग की मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) और निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। केजरीवाल से जुड़े मामले में न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे याचिका में टाइपिंग की त्रुटि सुधारें। इस मामले में अदालत ने कोई आदेश नहीं दिया। याचिकाकर्ता प्रताप चंद्र ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल और सिसोदिया ने नियमों का उल्लंघन करते हुए चुनाव के 48 घंटे पहले प्रचार किया। चंद्र ने दोनों आप नेताओं के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

### एजली ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली में हिंसा के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर उपराज्यपाल ने गुरूवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व अन्य विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने निर्देश दिए की मिलकर पीडितों के लिए काम करो। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल, लोगों की शिकायतें दर्ज,अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए धारा 144 का पालन, अन्य जरूरी कदम में कोई कौताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए की पर्याप्त संख्या में हेल्प डेस्क, हेल्प लाइन की स्थापना हो, पीड़ित परिवारों की मदद के लिए बिस्तर, कंबल, दवाइयां, भोजन, सहित मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में आश्रय घरों की स्थापना, पीने का पानी, पीड़ितों और उनके परिवारों को समय पर मेडिको-कानूनी प्रमाण पत्र और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आदि सुनिश्चित होना चाहिए। उपराज्यपाल ने घायलों के ईलाज के लिए डॉक्टरों और पैरा मेडिकल ,मेडिकल यूनिट, दवाओं आदि की कमी नहीं होने का निर्देश दिया। उपराज्यपाल ने आग से स्वाह हुए वाहनों, घरों, दुकान,धार्मिक स्थलों के मलबे को हटाने के साथ ही मरे हुए जानवरों को हटाने की हिदायत दी है।

### चड्ढा बन सकते है जल बोर्ड के उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली।** पहली बार आम आदमी पार्टी के विधायक बने राघव चड्ढा को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) का उपाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। चड्ढा राजेंद्र नगर से विधायक हैं। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में जल्द एक आदेश जारी किया जाएगा। बुराड़ी से विधायक संजीव झा और देवली से विधायक प्रकाश जारवाल को डीजेबी में सदस्य के तौर पर नियुक्त किए जाने की संभावना है। शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

## निगम बनाएगा आवारा पशुओं के लिए पॉलिसी

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम जल्द ही आवारा सुअरों को लेकर पॉलिसी बनाएगा। उत्तरी निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष जय प्रकाश ये बाते गुरूवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित समिति बैठक में निगमायुक्त वर्षा जोशी को निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता अब आवारा गाय व कुत्तों के बाद सुअरों से भी परेशान हैं। इनसे जगह-जगह गंदगी फैल रही है। चुंकि देश में सुअरों के लिए कोई पॉलिसी नहीं बनी है, जिसके चलते उनके मालिकों पर भी जुर्माना नहीं किया जा सकता है। पॉलिसी बनने के बाद जुर्माने का प्रावधान हो जाएगा। बता दें कि बैठक में सदस्य विपिन मल्होत्रा ने आवारा गाय व कुत्तों की बढ़ती समस्या और सदस्य रविंद्र भारद्वाज भवन विभाग से संबंधित जानकारी लेने के लिए अल्पकालिक प्रश्न (शॉर्ट नोटिस) लगाए। इस पर सदस्य विपिन मल्होत्रा, वीना बिरमानी, आदेश गुप्ता, रविंद्र भारद्वाज, तिलकराज कटारिया, नवीन त्यागी ने अपने सुझाव रखे। वहीं, बैठक में 100 गज से कम मकान बनाने की पॉलिसी, मोतियाबिंद ऑपरेशन करने और पार्कों की हालत सुधारने के लिए 1800 मालियों की आउटसोर्सिंग करने की बात कही।

### प्रदूषण से निपटने के लिए तीन स्तरीय योजना बनाएगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार त्रैमासिक, वार्षिक और पांच वर्षों में तीन-स्तरीय कार्य योजना तैयार करेगी। राय ने विशेषज्ञों के साथ एक बैठक की जिसमें प्रदूषण के रो क था म संबंधी कई सुझावों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने सर्दियों में प्रदूषण बढ़ने की पर कोई बाहरी निर्माण कार्य नहीं किए जाने के लिए एजेंसियों को एक निर्देश जारी करने का सुझाव दिया गया। मंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण को रोकथाम के लिए अंतर-राज्य कार्रवाई समिति होनी चाहिए। राय ने कहा कि ये सुझाव सीएम अरविंद केजरीवाल को भेजे जाएंगे और अंतिम कार्य योजना तैयार की जाएगी।



# गाजियाबाद की फिजा बिगाड़ने का प्रयास करने वाले दो दर्जन तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर

## स्थिति का जायजा लेने आईजी पहुंचे गाजियाबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

*नागरिकता संशोधन कानून व एनआरसी को लेकर दिल्ली में भड़के बवाल के बाद जिले में माहौल की फिजा को बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस सिलसिले में पुलिस ने अफवाह फैलाकर फिजा बिगाड़ने का प्रयास करने वाले नौ लोगों को पुलिस हिरासत में लिया है।*

नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी को लेकर दिल्ली में भड़के बवाल के बाद जिले में माहौल की फिजा को बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस सिलसिले में पुलिस ने अफवाह फैलाकर फिजा बिगाड़ने का प्रयास करने वाले नौ लोगों को पुलिस हिरासत में लिया है और सोशल मीडिया पर भ्रामक व भड़काव पोस्ट डालने वाले 16 लोगों को पुलिस ने चिन्हित कर तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा दिल्ली-लोनी बॉर्डर से लगे इलाकों में मेरठ जोन के आईजी जोन प्रवीण कुमार ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय व एसएसपी कलानिधि नैथानी से वर्तमान हालात पर वार्ता भी की।

### नौ लोग हिरासत में लिए, 16 संदिग्धों की तलाश जारी

**एसएसपी बोले**

■ आम नागरिकों से धैर्य और भाईचारा बनाने की अपील करते हुए कहा कि माहौल को बिगड़ने न दें



### आईजी बोले-चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि इन इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था इसी तरह चाक चौबंद रहेगी जब तक दिल्ली का माहौल पूरी तरह से सामान्य नहीं हो जाता है। इसी क्रम में पुलिस कप्तान ने बताया कि जिले में सेक्टर स्तर पर बॉर्डर सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। साथ ही मौहल्लेवार शांति समिति गठित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बॉर्डर पर हिंसा और आगजनी में फंसे दर्जनों लोगों को गाजियाबाद की पुलिस ने उन्हें बचाया,बल्कि उन्हें सुरक्षित गंतव्य पर हमारी पुलिस ने पहुंचाया। नैथानी ने कहा कि लोगों के प्राण बचाना और संपत्ति की रक्षा करना हमारा पहला कर्तव्य है। उन्होंने आम नागरिकों से धैर्य और भाईचारा बनाने की अपील करते हुए कहा कि माहौल को बिगड़ने न दें और किसी भी प्रकार की कहीं भी कोई आपत्ति जनक सूचना मिलती है तो सीधे पुलिस को इत्तला करें।

### शराब मॉडल शाप व ठेके दिन में शाम चार बजे तक ही खुलेंगे

पुलिस कप्तान ने बताया कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं होती तब तक शराब मॉडल शाप व ठेके दिन में शाम चार बजे तक ही खुलेंगे।


### पूरे जिले को 56 सेक्टरों और 18 जोनों में बांटा गया

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरे जिले को 56 सेक्टरों और 18 जोनों में बांटा गया है। हर सेक्टर में एक मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है जो पुलिस के साथ मिलकर आवश्यक कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद के नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है कि जो रास्ते डेंजर जोन में है उनका रास्तों का इस्तेमाल न करें।

**दिल्ली से सटे एरिया में शराबबंदी लागू रहेगी:** जिलाधिकारी ने बताया कि दिल्ली से सटे चार किलो मीटर के एरिया में शराब बंदी लागू रहेगी। पांडेय ने बताया कि सोशल मीडिया पर निगरहबानी करने के लिए साईबर क्राइम की टीम लगातार निगरानी कर रही है। जो लोग चिन्हित किए जा रहे हैं उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपियों की संपति से हो दिल्ली में हुए नुकसान की भरपाई

**गुरुग्राम।** दिल्ली में चल रही विध्वंस घटनाओं और हत्याओं के प्रति गुरुग्राम के लोगों में आक्रोश है। यहां संयुक्त हिन्दू संघर्ष समिति हरियाणा की ओर से मांग की गई है कि इन दंगों में हुए नुकसान की भरपाई उन दंगाइयों की संपति को बेचकर की जाए। ताकि भविष्य में वे इस तरह की जहमत न उठाएं। गुरुवार को समिति की ओर से हस्ताक्षरित ज्ञापन गृह मंत्री अमित शाह को प्रेषित किया गया। हिन्दू संगठनों की ओर से शहर में प्रदर्शन करते हुए मांग की गई कि निजी और सरकारी सम्पत्ति की नुकसान की भरपाई दंगाईयों को चिन्हित कर उनकी सम्पत्ति कुर्क की जाए।



### गुर्जर समाज के लोगों ने दिल्ली में हिंसा की घटनाओं पर जताया रोष

**फरीदाबाद।** सीएए का एनसीआर क्षेत्र के गुर्जर समाज ने समर्थन किया, और कहा कि इस अधिनियम के पक्ष में गुर्जर समाज सरकार के साथ डटकर खड़ा है। इस बात का फैसला बृहस्पतिवार को सेक्टर-16 स्थित गुर्जर भवन में हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक में जिले भर से गुर्जर समाज के अनेक लोगों ने हिस्सा लेते हुए अपने विचार प्रकट किए। बैठक में शहर में अमन और शांति बनाने के लिए गुर्जर समाज सभी समाजों से अपील करेगा कि वे भाईचारा बनाए रखने में गुर्जर समाज की मदद करें।



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम के मद्देनजर जिलाधिकारी ने बैठक की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक मार्च को नोएडा के सेक्टर 108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय के उद्घाटन के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर, 27 फरवरी को गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी बृजेश नारायण सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। उक्त बैठक में मुख्यमंत्री के आगमन से प्रस्थान तक की व्यवस्थाओं, उनकी सुरक्षा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, अग्निशमन अधिकारी, परिवहन विभाग के अधिकारी, रोडवेज विभाग के अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, सहित 19 विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

### परफेक्ट ब्रेड ग्रुप के चेयरमैन बतरा को मिला नेशनल एमएसएमई अवॉर्ड



**फरीदाबाद।** परफेक्ट ब्रेड ग्रुप के चेयरमैन एच.के. बतरा को कन्फेक्शनरी के क्षेत्र में आऊटस्टैडिंग परफोमेंस यानि उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारत सरकार द्वारा नेशनल एमएसएमई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया के लक्ष्यों को पूरा करने पर भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इंडस्ट्री (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा यह पुरस्कार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में कंपनी के चेयरमैन एचके बतरा को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हाथों से प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बतरा के साथ उनके बेटे एवं कंपनी के एमडी ध्रुव बतरा भी साथ थे।

### संगीत कक्षा का शुभारंभ किया

**फरीदाबाद।** एनटीपीसी फरीदाबाद के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एनटीपीसी के महाप्रबंधक डी. नंदी द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में संगीत कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस संगीत कक्ष में संगीत वाद्ययंत्र एवं सभी आवश्यक सामान एनटीपीसी फरीदाबाद द्वारा दिये गए। इस कार्य से लगभग 2500 छात्राएं संगीत की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।

### नाली से चार माह का भ्रूण मिला

**फरीदाबाद।** सेक्टर-7 थाना एरिया स्थित इंदिरा नगर की गली नंबर 16 की नाली में बृहस्पतिवार सुबह 4 माह का भ्रूण पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। भ्रूण को नाली से बाहर निकाल उसे बीके अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस के बताया कि स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली में एक बच्चा मृत पड़ा हुआ है। जिसके आसपास कुत्ते घूम रहे थे। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बच्चे के भ्रूण को बाहर निकाल लिया। माना जा रहा है कि किसी ने लोकलाज के भय से भ्रूण को नाली में फेंक दिया। जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

### एनएचपीसी ने पाली में स्वास्थ्य शिविर लगाया

**फरीदाबाद।** एनएचपीसी ने अपने सीएसआर-एसडी स्कीम के तहत पाली गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्घाटन जिला सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने रिबन काटकर किया। इस शिविर का आयोजन एनएचपीसी द्वारा सिविल अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद, सवार्ेदय अस्पताल, फरीदाबाद व सेंटर फॉर साइट ने सहयोग किया। इस शिविर में 650 मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर के दौरान हृदय रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, आंख, हड्डी रोग विशेषज्ञों ने निशुल्क चिकित्सा सलाह दी।

# गुरुग्राम : दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट केसों में सुनवाई को फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

■ न्यायधीश भावना जैन संभालेंगी कोर्ट की जिम्मेदारी

नाबालिगों के साथ बढ़ रहे यौन शोषण के मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार के आग्रह पर प्रदेश के 16 जिलों में कार्यरत अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना कर दी है। ये फास्ट ट्रैक अदालतें नाबालिगों से संबंधित पॉक्सो एक्ट के मामलों की सुनवाई कर अपना फैसला सुनाएंगी।

पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश का मानना है कि पॉक्सो एक्ट के मामलों की सुनवाई सत्र न्यायालयों में होती है, लेकिन यह सुनवाई अन्य मामलों के चलते काफी लंबित हो जाती हैं। जिससे पीड़ितों को निश्चित समय में न्याय नहीं मिल पाता। उनका मानना है कि अब फास्ट ट्रैक का गठन हो जाने के बाद पीड़ितों को पॉक्सो एक्ट के तहत समय पर न्याय मिल सकेगा।

गुरुग्राम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भावना जैन को फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालत की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### चौटाला, बिश्नोई समेत नेताओं की मानहानि के मामले में सुनवाई आज

**गुरुग्राम।** मानहानि के एक मामले की सुनवाई शुक्रवार को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सोनिया श्योकंद की अदालत में होगी। अदालत ने तीन आरोपियों के गैर जमानती वारंट पिछली तारीख पर जारी किए थे, ताकि वे अदालत में पेश हो सकें और उन पर आरोप निश्चित किए जा सकें। इन तीन आरोपियों को छोड़कर बाकी सभी आरोपियों पर अदालत चार्ज फ्रेम कर चुकी है। कानूनविदें का मानना है कि यदि ये आरोपी अदालत में पेश नहीं होते हैं तो अदालत उनके खिलाफ अदालती कार्यवाही करेगी। इस मामले में इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला, अभय चौटाला, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई, इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक अरोड़ा सहित 29 आरोपी हैं।

### जाट युवाओं की रिहाई को लेकर कांग्रेस नेताओं ने उठाई मांग

**गुरुग्राम।** जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान जेलों में बंद युवाओं की रिहाई की आवाज उठाने पर विधायक गीता भुक्कल व कुलदीप वत्स की संघर्ष समिति ने सराहना की है। आरक्षण आंदोलन को 4 साल बीत गए हैं। इस आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर कई युवाओं के खिलाफ मामले भी दर्ज किए गए थे। जाट आरक्षण संघर्ष समिति युवाओं के खिलाफ दर्ज किए गए मामलों को वापिस लेने की मांग करती रही है, लेकिन प्रदेश सरकार की ओर से कोई कार्यवाही अभी तक भी नहीं की गई है।

# सीआरपीएफ कादरपुर की केंद्रीय बैंड टीम लगातार तीसरी बार चैम्पियन



**गुरुग्राम।** 20वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की केंद्रीय बैंड टीम चैम्पियन बनी है। यह प्रतियोगिता रेलवे सुरक्षा बल की ओर से तेलंगाना के सिकंदराबाद में आयोजित की गई थी। विजेता टीम को उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने सम्मानित किया।

इस प्रतियोगिता में राज्यों तथा पुलिस बलों की 22 टीमों ने भाग लिया। जिसमें ब्रास बैंड, पाइप बैंड और बिगुल्स कॉल स्पर्धाएं हुई। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के गुरप केंद्र कादरपुर जिला गुरुग्राम स्थित सीआरपीएफ की केंद्रीय बैंड टीम ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। ग्रुप केंद्र कादरपुर स्थित राष्ट्रीय पुलिस बैंड संस्थान में म्यूजिक डायरेक्टर रिटायर्ड मेजर नाजिर हुसैन द्वारा बैंड कार्मिकों को बैंड का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

## न्यूज डायरी

### चन्द्रशेखर आजाद का शहीदी दिवस मनाया

**फरीदाबाद।** पंजाबी समाज समाज सभा द्वारा बृहस्पतिवार को हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-29 में क्रांति की मशाल को जलाए रखने वाले क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पौत्र, शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश युवा आयोग हरियाणा सरकार के चेयरमैन यादवेंद्र सिंह संधू उपस्थित हुए और अपने विचार रखे। इस मौके पर यादवेंद्र सिंह संधू ने बताया कि किस प्रकार छोटी सी उम्र में चंद्रशेखर आजाद के नाम में आजाद नाम कैसे जुड़ा। उस समय असहयोग आंदोलन चल रहा था और चंद्रशेखर को गिरफ्तार करके अधिकारी के सामने पेश किया गया। अधिकारी ने नाम पूछा तो उन्होंने अपना नाम आजाद बताया। पिता का नाम स्वतंत्रता और घर का पता जेल बताया, तब से उनके नाम के साथ आजाद शब्द जुड़ गया। यादवेन्द्र ने यह भी कहा कि चंद्रशेखर आजाद जी ने हमेशा हिन्दुस्तान को आजाद रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी वासुदेव अरोड़ा व जगजीत कौर पुन्नू ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### हमले की करेगी जांच क्राइम ब्रांच

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित वर्ल्ड स्ट्रीट में 23 फरवरी की रात स्कॉर्पियो सवार दो युवकों पर गोलियों से जानलेवा हमले की जांच क्राइम ब्रांच बीपीटीपी करेगी। पुलिस आयुक्त के.के. राव ने बृहस्पतिवार को क्राइम ब्रांच बीपीटीपी को जांच सौंपी है। हमला गांव भैंसरावली निवासी अन्नी और तिगांव निवासी भूरा पर हुआ था। आठ-दस हमलावरों ने दोनों की स्कॉर्पियो कार को घेर लिया था। पहले लाठी डंडों से हमला किया, इसके बाद पैरों में गोलियां मारकर फरार हो गए थे। दोनों एशियन अस्पताल के आइसीयू में भर्ती हैं। भूरा की हालत में सुधार है, वहीं अन्नी की हालत अभी नाजुक है। इस मामले में बीपीटीपी थाना पुलिस ने गांव पाली निवासी राजेंद्र, नचौली निवासी कल्लू और गांव फिरोजपुर निवासी राहुल सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हमले का कारण पुरानी रंजिश बताया गया था। अभी इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। क्राइम ब्रांच बीपीटीपी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। उन्होंने जल्द कामयाबी मिलने की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि अन्नी और भूरा के खिलाफ भी शहर के अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर हरिया से इन दोनों की दुश्मनी थी। फरवरी 2018 में हरिया की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी।

### हमलावर को चार साल की सजा

**फरीदाबाद।** तेजधार हथियार से हमले के दोषी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जगभूषण गुप्ता की अदालत ने चार साल जेल की सजा सुनाई है। उस पर पांच हजार रुपये जुर्माना भी किया है। यह मुकदमा 16 जनवरी 2017 को गांव मच्छगर निवासी सुखपाल की शिकायत पर जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं के तहत सात लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ था। छह आरोपितों को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। एक को सजा सुनाई गई है। दर्ज मुकदमे के अनुसार गांव मच्छगर निवासी सुखपाल पर गांव के ही चरणजीत, रवि उर्फ बंट, दीपन शर्मा, सौरभ बीसला, सचिन गंभीर, गुलबीरए, अनुराग ने हमला किया था। चरणजीत ने सुखपाल पर तलवार चलाई। इससे उसका गाल और कान कट गए थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर चार्जशीट पेश कर दी। अदालत ने चरणजीत को तेजधार हथियार से हमले का दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।।

### मत्सुबिशी इलेक्ट्रिक कप-2020 में छाए मानव रचना के छात्र

फरीदाबाद। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज के छात्रों ने बेंगलुरू में आयोजित हुए मित्सुबिशी इलेक्ट्रिक कप 2020 में मोस्ट पॉपुलर टीम का अवॉर्ड अपने नाम किया है। एग्जीबिशन देखने आए लोग अंत के कैनोपी में लगी एक मशीन के जरिए मोस्ट पॉपुलर टीम का चयन करते हैं, जिस व्यक्ति को जो भी प्रोजेक्ट पसंद आता है वह उसके लिए वोट करता है। छात्रों ने एक ऐसी मशीन बनाई जिसके जरिए सिंगल यूज प्लास्टिक को री-यूजएबल बनाया जाता है। हम सब जानते हैं कि आज के समय में प्लास्टिक को जिंदगी से हटाया नहीं जा सकता लेकिन री-यूज जरूर किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए छात्रों ने यह मशीन बनाई है। टीम का नाम ईको वारियर्स है। यह मशीन अपनी मेंटर डॉ. आशीष ग्रोवर के नेतृत्व में इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के फाइनल ईयर के छात्र राहुल सोनी, परवेज हसन, इकबाल आलम और अरविंद ने यह मशीन तैयार की है।

### छात्रों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** डॉ अम्बेडकर स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया की जिला फरीदाबाद इकाई ने छात्रों की स्कोलरशिप नही आने को लेकर सेक्टर 12 पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसकी अध्यक्षता प्रदेश महासचिव ललित कुमार ने की। ललित कुमार के नेतृत्व में जिला उपायुक्त को सैकड़ों छात्रों के साथ हरियाणा शिक्षा मंत्रालय व पिछड़ा वर्ग आयोग के नाम एसडीएम अमित कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश महासचिव ललित कुमार ने कहा हरियाणा के कॉलेज और विश्वविद्यालय में मिलने वाली स्कॉलरशिप दी जाती है।

### चार लुटेरे गिरफ्तार, लूटे गए वाहन बरामद

**नोएडा।** थाना बीटा- दो पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक सूचना के आधार पर चार लुटेरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटी गई एक ट्रैक्टर- ट्राली और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बदमाशों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लूटपाट की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार किया है। पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को गश्त पर निकली थाना बीटा- दो पुलिस ने एक सूचना के आधार पर पिंटू, मेहताब, सतीश और वासुदेव नाम के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने दिल्ली से लूटी हुई एक मोटरसाइकिल, थाना बीटा-2 क्षेत्र से 25 फरवरी को लूटी गई ट्रैक्टर- ट्रॉली बरामद की।

### मॉडल से अश्लील हरकत करने वाला इवेंट ऑर्गेनाइजर गिरफ्तार

नोएडा। थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले एक इवेंट ऑर्गेनाइजर के खिलाफ एक मॉडल से अश्लील हरकत करने का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता आरोपी की पत्नी की सहेली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सहायक पुलिस आयुक्त राजीव कुमार सिंह ने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित एसटी टावर में रहने वाला गुरूप्रीत सिंह इवेंट आर्गेनाईजिंग का काम करता है। उसने पत्नी की सहेली से बुधवार रात अश्लील हरकत की।

# लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अनुशासन जरुरी: यशपाल



**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने जीवन में अनुशासन को सिरोधार करने की बात पर बल देते हुए कहा है कि किसी भी लक्ष्य को आप तब तक प्राप्त नहीं कर सकते है जब तक की आप उसमें पूरी तरह से शामिल नहीं हो जाते हो और यह सब कुछ अनुशासन के बिना असंभव है।

उपायुक्त सुधा रूस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च के वार्षिक समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को हर लिहाज से यादगार कार्यक्रम बनाने के उद्देश्य से कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज परिसर को रंगोली बनाकर अनूठे अंदाज में सजाया संवारा गया था। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत में बीडीएस प्रथम वर्ष की छात्रा संजना जोशी ने शिव वंदना कर भक्ति पूर्ण प्रस्तुति दी।

### टटलू गिरोह ने ढाई लाख ले नकली सोने के बिस्कुट थमाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

टटलू गिरोह के सदस्यों ने बिहार में रहने वाले एक व्यक्ति को फोन कर बताया कि उन्हें खुदाई करते समय सोने के बिस्कुट मिले हैं। यदि वह चाहे तो वह चाहे तो उसे आधी कीमत पर यह सोना बेच सकता है। आरोपी के झांसे में आकर पीड़ित व्यक्ति ढाई लाख रुपये लेकर फरीदाबाद पहुंच गया। तभी तीनों ने ढाई लाख रुपये लेकर नकली सोने के दो बिस्कुट थमा दिए। जांच करवाने पर पता चला कि बिस्कुट सोने की बजाए पीतल के हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सूरजकुंड में दर्ज मामले के मुताबिक बिहार के सीतामड़ी जिले में रहने वाले राधेश्याम ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह वहां गाड़ी चलाने का काम करता है।

### तोड़फोड़ की कार्यवाही करने पहुंचे दो जेई आपस में भिड़े

**फरीदाबाद।** एनआईटी तीन के सी ब्लॉक में बृहस्पतिवार को तोड़फोड़ करने पहुंचे नगर निगम के दो जूनियर इंजीनियर (जेई) आपस में भिड़ गए। जमकर हाथापाई हुई। बाद में आसपास के लोगों व निगम कर्मचारियों ने दोनों को अलग-अलग कर किसी तरह मामले को शांत कराया।

सरेआम दो अधिकारियों के आपस में भिड़ने की घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। हालांकि भिड़ने वाले दोनों जेई इस बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

जानकारी के अनुसार निगम कमिश्नर डॉ. यश गर्ग को शिकायत मिली थी कि मेट्रो रोड एनआईटी तीन के सी ब्लॉक में एक अवैध निर्माण हो रहा है। शिकायत पर कमिश्नर ने तोड़फोड़ के एक्सईएन ओमवीर को कार्रवाई करने के आदेश दिए। ओमवीर ने बड़खल क्षेत्र में तैनात जेई सुमेर सिंह को कार्रवाई करने के लिए बृहस्पतिवार को मौके पर भेज दिया। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में तैनात जेई महेंद्र सिंह रावत भी वहां पहुंच गए। अवैध निर्माण हटाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों भिड़ गए।

बताया जाता है कि जब तक मौके पर मौजूद निगम कर्मचारी दोनों को समझाते दोनों में हाथापाई तक हो गई। शोर शराबा सुनकर आसपास मौजूद लोगों और निगम कर्मचारियों ने दोनों को मौके से बड़े मुश्किल से हटाया। नगर निगम के दो अधिकारियों के इस तरह सरेआम सड़क पर भिड़ने की घटना को लेकर पूरे शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## टीबी खोज अभियान की स्टेट टीम ने किया सनसनीखेज खुलासा

# रेगुलर ड्रग लेने वाले 14 लोग एचआईवी की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

सावधान! यदि आप ड्रग लेने के आदी हैं और सिरिंज के जरिए ड्रग ले रहे हैं तो आपको कभी भी एचआईवी जैसी जानलेवा बीमारी लग सकती है। देश की राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद जिले में ऐसे 14 एचआईवी रोगी मिले हैं जो ड्रग लेने के आदी रहे हैं। खासबात यह है कि ये सभी 14 लोग ड्रग लेने के लिए सिरिंज का प्रयोग करते हैं और इसी के चलते एचआईवी की चपेट में आए हैं। यह हैरान करने वाला खुलासा उत्तर प्रदेश शासन से सक्रिय टीबी खोज अभियान की असलियत जानने गाजियाबाद पहुंची स्टेट टीबी टीम ने बृहस्पतिवार की शाम को किया।




स्टेट टीबी सेल के प्रभारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि जो लोग ड्रग यूज करते हैं अक्सर उनमें एचआईवी की बीमारी लग जाती है। यह सभी 14 मरीज ड्रग्स यूज करने के कारण एचआईवी से ग्रस्त हुए हैं। गाजियाबाद ही नहीं एनसीआर में ड्रग यूजर्स की हालत पर चिंता जाहिर की है। डॉ. नरेंद्र ने बताया कि ड्रग यूजर्स पर काबू पाने के लिए टारगेटेड इंटरवेंशन की जरूरत है। उन्होंने कहा एनसीआर क्षेत्र में ड्रग यूजर्स बढ़ने से एचआईवी के अलावा हेपेटाइटिस बी और सी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में शासन से सक्रिय टीबी खोज अभियान (एसीएफ) की हकीकत जानने गाजियाबाद पहुंचे स्टेट टीबी सेल के डॉ. नरेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को जिला एमएमजी अस्पताल स्थित एआरटी सेंटर का निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने एसीएफ कार्यों की समीक्षा की और अभियान को शानदार बताया। उन्होंने कहा 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के लिए सभी को टीम भावना से काम करना होगा। हर नागरिक को टीबी के बारे में जागरूक करना होगा ताकि शुरूआती लक्षणों के दौरान ही नागरिक सचेत होजाएं तो तत्काल जांच कराकर उपचार शुरू करा सकें। डॉ. नरेंद्र टीबी-एचआईवी कोर्डिनेटर भी हैं। उन्होंने कहा दरअसल टीबी और एचआईवी एक-दूसरे से बहुत जुड़ी हुई बीमारियां हैं। इसलिए इन बीमारियों पर काबू के लिए साझा अभियान जरूरी है। अधिकतर एचआईवी मरीजों की मौत अंततः टीबी के कारण ही होती है। इसलिए हर टीबी मरीज की एचआईवी जांच अनिवार्य रूप से की जाती है।

एसीएफ कार्यों की समीक्षा के लिए डॉ. नरेंद्र सिंह ने संजयनगर और मुरादनगर यूनिट का दौरा किया। डॉ. सिंह टीबी के लिहाज से चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में भी गए। इसके अलावा उन्होंने जिला क्षय रोग विभाग में एसीएफ सुपरवाइजरों के साथ बैठक की।

## खबर संक्षेप

### दीवार ढहने से बच्ची समेत दो लोगों की मौत

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के कुरावली क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक मकान की कच्ची दीवार ढहने से मलबे में दबकर एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गयी। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि कुरावली थाना क्षेत्र के तिमनपुर गांव में मुरारी लाल नामक व्यक्ति के मकान की कच्ची दीवार अचानक ढह गयी। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों ने मौके पर पहुंचकर मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मगर उनमें से बच्ची लाडो (तीन) ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं, नितिन (17) की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सिंह ने बताया कि हादसे में घायल तीन अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कार की चपेट में आकर छात्रा की मौत

**एटा।** जिले के सकीट आसपुर मार्ग पर सड़क पार करते समय कार की चपेट में आकर कक्षा दो की छात्रा की मौत हो गई। जबकि हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई और चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गांव नगला इंदी निवासी रामवीर की 10 वर्षीय पुत्री भारती गुरूवार दोपहर 3 बजे गांव के पास स्थित आदर्श श्री एलजेएच स्कूल में पढाई के बाद घर लौट रही थी।

### बस और जीप की टक्कर दो लोगों की मौत

**महराजगंज।** महराजगंज जिले के फरेंदा क्षेत्र में गुरुवार को बस और जीप की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरेंदा थाना क्षेत्र के पिपरा तहसीलदार इलाके में गोरखपुर से सोनौली जा रही एक तेज रफ्तार बस की जीप से जबरदस्त टक्कर हो गयी। इस घटना में जीप चालक रवि चौधरी और राजमती देवी (45) की मौत हो गयी।

# लॉ छात्रा बलात्कार मामले में तीन महीने में आया फैसला, 11 दोषी, दो मार्च को कोर्ट सुनाएगा सजा

एजेंसी ▶▶| रांची

*रांची में पिछले वर्ष 26 नवंबर को कांके इलाके में लॉ यूनिवर्सिटी की एक 25 वर्षीया छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अदालत ने सभी 11 लोगों को दोषी ठहराया है और अब उनकी सजा का ऐलान दो मार्च को होगा। इस मामले में पकड़े गये 12 आरोपियों में से एक बालिग नहीं था अतः उसके मामले की सुनवाई जुवेनाइल बोर्ड में चल रही है।*

झारखंड की राजधानी रांची के कांके के संग्रामपुर में 26 नवंबर 2019 को लॉ छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में न्यायाधीश नवनीत कुमार की अदालत ने बुधवार को 11 अभियुक्तों को दोषी करार दिया। वहीं, एक नाबालिग आरोपी की सुनवाई जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में होगी। सजा पर दो मार्च को सुनवाई होगी। सभी 12 अभियुक्त संग्रामपुर गांव के ही रहनेवाले हैं।

इनमें एक नाबालिग को छोड़ 11 आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बुधवार दोपहर 3:15 बजे अदालत में पेश किया गया। अदालत ने 11 अभियुक्तों को भादवि की धारा 376 (डी), 366, 120-बी, 379 व 411 के तहत दोषी करार दिया। खास बात यह है कि झारखंड में दुष्कर्म से जुड़ा यह पहला मामला है, जिसमें मात्र तीन महीने में फैसला आया है।

इसके लिए कोर्ट ने 46 दिन तक लगातार सुनवाई की। वहीं, अदालती कार्यवाही करीब 99 घंटे तक चली। लोक अभियोजक एके सिंह ने इस मामले में पैरवी की। अभियोजन की ओर से 21 गवाह पेश किये गये।

## मामले में एक नाबालिग समेत 12 आरोपी पकड़े गए



**पीड़िता बोली- घटना याद कर आज भी सहम जाती हूं**

पीड़िता ने कोर्ट को बताया कि मैं संग्रामपुर बस स्टॉप के पास अपने पुरुष मित्र के साथ बैठी थी। उसी समय बाइक पर दो युवक आये और मेरे पुरुष मित्र के साथ मारपीट कर मुझे बाइक पर जबरन बैठा लिया। वे बोले : चलो घर छोड़ देते हैं। इसी दौरान मेरे मोबाइल से मां को फोन कर काफी गाली-गलौज की। उसके बाद बाइक पर बैठा कर थोड़ी दूर ले गये, तभी पेट्रोल खत्म हो गया। उसी समय लाल रंग की कार आकर रुकी, दोनों युवक ने मुझे कार में बैठाया। उसके बाद ईंट भट्ठा की ओर लगे गये। वहां दो युवक ने पैर दबाया और एक ने दुष्कर्म किया। उसके बाद बारी-बारी से सभी ने दुष्कर्म किया और फोन कर अन्य युवकों को बुला लिया और सामूहिक दुष्कर्म किया। इन लोगों ने मेरे साथ डेढ़ से दो घंटे तक जानवरों सा व्यवहार किया। घटना को याद कर आज भी विचलित हो जाती हूं। कुकृत्य के बाद वे लोग मेरी स्कूटी भी ले आये। उनमें से दो युवक मुझे स्कूटी के बीच में बैठा कर हॉस्टल छोड़ने की बात कहते हुए चलने लगे। जब मैंने उनसे अपना मोबाइल मांगा, तो उन्होंने मोबाइल देने की शर्त पर फिर मेरे साथ रेप किया।

### 20 मिनट के भीतर आया फैसला

सभी 11 अभियुक्तों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई। अदालत अदालत ने सबसे पहले कुलदीप उरांव का नाम पुकारा। उसके बाद सुनील उरांव, फिर संदीप तिर्की, नवीन उरांव, बसंत कच्छप, रवि उरांव, सुनील मुंडा और सबसे अंत में ऋषि उरांव का नाम पुकारा गया। सभी ने हाथ उठा कर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इसके बाद अदालत ने कहा कि आप लोगों ने षड्यंत्र के तहत पीड़िता का अपहरण कर उसके पुरुष मित्र के साथ मारपीट की और पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का जघन्य अपराध किया है। इस दौरान आप लोगों ने पीड़िता का मोबाइल भी चुरा लिया। इन अपराधों में सभी को दोषी पाया गया है। 20 मिनट तक अदालती कार्रवाई चली। इस दौरान अदालत में ग्रामीण एसपी ऋषभ कुमार झा, केस के आइओ मुख्यालय डीएसपी-वन नीरज कुमार, काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### चार दुष्कर्मियों से डीएनए मैच किया

पीड़िता के कपड़े और दुष्कर्मियों के स्वाइप की डीएनए जांच करायी गयी। उनमें चार दुष्कर्मी रवि उरांव, रोहित उरांव, राजन उरांव और एक नाबालिग का डीएनए एफएसएल जांच में मैच कर गया। उसकी रिपोर्ट भी अदालत में सौंपी गयी है।

### मामला एक नजर में

- 26 नवंबर 2019 लॉ छात्रा से 12 लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म
- 27 नवंबर 2019 प्राथमिकी दर्ज
- 27 नवंबर 2019 सभी आरोपी गिरफ्तार
- 28 नवंबर 2019 मीडिया के सामने पेश
- 29 नवंबर 2019 सभी जेल भेजे गये
- 20 दिसंबर 2019 चार्जशीट
- 06 जनवरी 2020 चार्जफ्रेम
- 07 जनवरी 2020 गवाही शुरू
- 24 फरवरी 2020 सुनवाई समाप्त
- 26 फरवरी 2020 11 दोषी करार
- 02 मार्च 2020 आएगा फैसला

# 'कम प्रतिव्यक्ति आय के लिए पूर्ववर्ती सरकारें जिम्मेदार'

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की प्रतिव्यक्ति आय कम होने के लिये पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। योगी ने विधान परिषद में वित्तीय वर्ष 2020-21 के आम बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए बताया कि प्रदेश में इस वक्त प्रतिव्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के मुकाबले लगभग आधी ही है। मगर हमारी सरकार जब 2022 में अपना कार्यकाल पूरा करेगी, तब तक यह राष्ट्रीय औसत को छूने लगेगी। मुख्यमंत्री ने आंकड़े देते हुए कहा कि नोएडा में प्रतिव्यक्ति आय छह लाख 17 हजार रुपये है जबकि बलरामपुर की प्रतिव्यक्ति आय महज 3200 रुपये है। उन्होंने कहा कि जिस तरह नोएडा का विकास हुआ, उसी



तरह बलरामपुर, चित्रकूट और चंदौली का विकास भी हो सकता था। यह विषमता क्यों है? उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बजट को संतुलित करने का प्रयास नहीं किया, यह विषमता इसीलिये है। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर विकास योजनाओं का लाभ देने में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कभी-कभी हमें सपा, बसपा और कांग्रेस के लिये 'सबका' शब्द का प्रयोग करना पड़ता है।

# आजम खां से मिलने सीतापुर जेल पहुंचे अखिलेश यादव, बताया राजनीतिक साजिश

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी सांसद आजम खान और उनकी विधायक पत्नी व विधायक बेटे को रामपुर से सीतापुर जिला जेल स्थानांतरित कर दिया गया। इस बीच, पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को उनसे यहां मुलाकात के बाद कहा कि भाजपा सत्ता में आने के बाद से पार्टी नेता आजम खान को निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि आजम के खिलाफ राजनीतिक साजिश की गयी।

आजम खान से मिलने के बाद अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है एक राजनीतिक साजिश के तहत भाजपा आजम खान को निशाना बना रही है। मैंने आजम साहब से मुलाकात की। उनकी पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है और बेटे के सिर में भी चोट लगी है। मैं उम्मीद करता हूं कि जेल प्रशासन उन्हें जरूरी सुविधाएं मुहैया कराएगा।'



### 2 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश


गौरतलब है कि रामपुर की एक अदालत ने बुधवार को रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद आजम, रामपुर सदर सीट से विधायक उनकी पत्नी तजीन फातिमा और स्वार सीट से सपा विधायक उनके पुत्र अब्दुल्ला को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में 2 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए थे।

### गैर जमानती वारंट जारी किए थे

सीतापुर में आजम ने कहा कि यह सरकार का फैसला है। आजम, उनकी पत्नी तजीन और पुत्र अब्दुल्ला ने अपर जिला न्यायाधीश-6 (एमपी, एमएलए) धीरेन्द्र कुमार की अदालत में बुधवार को समर्पण किया था जहां से तीनों को दो मार्च तक के लिये न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। अदालत ने गत 24 फरवरी को आजम खां परिवार की अग्रिम जमानत की याचिका ठुकरा दी थी और उसकी सम्पत्ति की कुर्की का आदेश देते हुए गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था। गौरतलब है कि विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने गत मंगलवार को तीनों के कुर्की वारंट के साथ ही गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट जारी किए थे।

**अब्दुल्ला के दो-दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाने का आरोप:** भाजपा के स्थानीय नेता आकाश सक्सेना ने पिछले साल दर्ज कराये गये मुकदमे में अब्दुल्ला के दो-दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाने का आरोप लगाया था। एक प्रमाण पत्र रामपुर से तो दूसरा लखनऊ से जारी किया गया है। जांच में आरोप सही पाये गये। रामपुर नगर पालिका द्वारा जारी एक जन्म प्रमाणपत्र में अब्दुल्ला की जन्मतिथि एक जनवरी 1993 लिखी है। वहीं दूसरे प्रमाणपत्र में उनका जन्मस्थान लखनऊ दिखाया गया है और उनकी जन्मतिथि 30 सितम्बर 1990 लिखी है। आरोप है कि आजम और उनकी पत्नी तजीन ने साजिश करके अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाये। अदालत ने इस मामले में पेश होने के लिये कई बार समन जारी किये लेकिन आजम खां और उनका परिवार हाजिर नहीं हुआ। उसके बाद अदालत ने कुर्की और गैरजमानती वारंट जारी किया था।

## राशिफल 28 फरवरी 2020



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : धन का लेन-देन करते समय सतर्क रहें। जीवनसाथी के साथ मतभेद के चलते घर का माहौल अशांत हो सकता है। आज के दिन भीड़-भाड़ वाले इलाकों से दूर रहें। **शुभ अंक:** 15, **रंग** : चॉकलेट।

**वृष:** परिवार के किसी सदस्य के साथ विशेष रिलेशन साझा करेंगे। आज के दिन किसी ट्रेकिंग ट्रिप पर जाना टाल दें। मकान मालिकों को घर के लिए किराएदार मिल सकते हैं। **शुभ अंक:** 18, **रंग:** पीच।

**मिथुन:** मन की शांति प्राप्त करने के लिए तनाव मुक्त रहने की कोशिश करें। समारोह को संतोषजनक तरीके से आयोजित करने में सफल होंगे। प्रेम संबंधों के लिए समय कठिन है। **शुभ अंक** : 5, **रंग:** हरे शेड्स।

**कर्क:** परिवार के युवा व्यवसाय को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। परिवार के साथ खूबसूरत जगह घूमने का प्लान बना सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक:** 11, **रंग:** हल्का लाल।

**सिंह:** परिवार के लोगों की जिज्ञासों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोग मेहनत करें। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा रहेगा। **शुभ अंक:** 1, **रंग:** ऑलिव ग्रीन।

**कन्या:** किसी रिश्तेदार से मिलने शहर से बाहर जा सकते हैं। एक अच्छी शुरुआत आपको आगे बढ़ने में मदद करेगी। किसी प्रोजेक्ट में निवेश करने से पहले अच्छे से सोच लें। **शुभ अंक:** 2, **रंग:** पीला।

**तुला:** प्रोफेशन में आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी के मूड के कारण घर का माहौल अशांत हो सकता है। किसी की शादी या समारोह में हिस्सा लेने के लिए विदेश जा सकते हैं। **शुभ अंक:** 22, **रंग** : इंडिगो।

**वृश्चिक:** अचानक आए खर्चों से समस्या हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। समाज में लोगों से मिलना जुलना बढ़ाएंगे। दिमाग को ताजा करने को पढ़ाई से थोड़ा ब्रेक लें। **शुभ अंक:** 11, **रंग** : हल्का लाल।

**धनु:** करियर के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार के किसी सदस्य की सफलता को सेलिब्रेट करेंगे। परिवार के किसी सदस्य पर पढ़ाई के लिए दबाव बनाने की जरूरत है। **शुभ अंक** : 6, **रंग:** बेबी पिंक।


**मकर:** परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को विदेश जाने का मौका मिल सकता है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। **शुभ अंक** : 18, **रंग:** सैंडी ब्राउन।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर सहकर्मियों को प्रभावित करने की जरूरत है। मीठी मीठी बातों में आने से बचें। पढ़ाई में सफलता प्राप्ति के योग हैं। निवेश करने का मौका मिल सकता है। **शुभ अंक** : 8, **रंग:** पैरेट ग्रीन।

**मीन:** आय में सुधार का असर जीवनशैली पर भी दिखेगा। जीवनसाथी घर पर बैठने से नाराज हो सकता है। यात्राओं पर जाने के योग बन रहे हैं। साथी संग समय बिताना पसंद करेंगे। **शुभ अंक** : 3, **रंग** : कॉफी।

### : टिप्स :

1. शयनकक्ष में पौधा लगाकर अपने लव लाईफ को थोड़ा मजेदार बना सकते हैं। तीन या नौ की संख्या में पौधा लगाएं।
2. ऑफिस का दरवाजा आपके चेहरे के सामने नहीं खुलता है तो इससे आपको परेशानी हो सकती है। क्योंकि दरवाजे के सामने ची का प्रवाह होता है।
2. रसोई घर में टपकते हुए नल बदलें या उसे दुरूस्त करवाएं। रसोई घर में नल का टपकना पैसे का धीरे-धीरे रिसाव का प्रतीक है।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## लालू को लगा मेडिकल बोर्ड से झटका

# रांची में ही होगा इलाज

एजेंसी ▶▶| रांची

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को बृहस्पतिवार को मेडिकल बोर्ड से तगड़ा झटका लगा। रांची स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) की मेडिकल बोर्ड की बैठक में फैसला हुआ कि राजद सुप्रीमो को इलाज के लिए कहीं रेफर करने की जरूरत नहीं है। रिम्स में ही उनका इलाज जारी रहेगा। चारा घोटाला मामले में रांची में सजा काट रहे लालू कई गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। इसलिए उन्हें एम्स रेफर करने की बात चल रही थी।

लालू का इलाज कर रहे डॉ. उमेश प्रसाद की टीम मेडिकल बोर्ड की बैठक में लालू प्रसाद के इलाज से संबंधित पूरी फाइलों के साथ उनके स्वास्थ्य की समीक्षा की। बोर्ड में मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी, नेत्र, रेडियोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी व मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष शामिल हुए। बोर्ड ने लालू की मेडिकल हिस्ट्री देखने के बाद कहा कि उन्हें इलाज के लिए कहीं और भेजने की जरूरत नहीं है। रिम्स में उनका समुचित इलाज चल रहा है और इसे आगे भी



जारी रखा जायेगा।

### कहीं भेजने की जरुरत नहीं: बोर्ड

मेडिकल बोर्ड ने 12 गंभीर बीमारियों से पीड़ित लालू प्रसाद यादव की मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद कहा कि राजद सुप्रीमो की किडनी की गंभीर बीमारी के बाबत एक्सपर्ट नेफ्रालॉजिस्ट से मदद ली जायेगी। अगर विशेषज्ञ कहते हैं कि लालू प्रसाद को एम्स या किसी और अस्पताल में भेजने की जरूरत है, तो रिम्स प्रबंधन उस पर विचार करेगा।

रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक विवेक कश्यप ने बताया कि मेडिकल बोर्ड ने लालू की रिपोर्ट का गहन अध्ययन किया। ट्रीटमेंट, प्रोटोकॉल देखने के बाद बोर्ड ने बताया कि उनका सही इलाज चल रहा है।

### 'बात बिहार की' अभियान में पीके पर साहित्यिक चोरी का मामला दर्ज

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार एवं नेता प्रशांत किशोर पर पिछले हफ्ते शुरू किए गए अभियान 'बात बिहार की' में कथित 'साहित्यिक चोरी' करने का आरोप लगा है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाना प्रभारी कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि पाटलिपुत्र पुलिस थाने में बुधवार रात इस बाबत शिकायत दर्ज करवाई गई। इसमें कहा गया कि किशोर ने अपने अभियान में कांग्रेस के डेटा एनालिटिक्स कॉर्डिनेटर शाश्वत गौतम द्वारा तैयार की गई सामग्री का इस्तेमाल किया। शिकायत मे गौतम ने अपने पूर्व सहयोगी ओसामा का नाम भी आरोपी के तौर पर लिया है। शिकायत के मुताबिक ओसामा को सामग्री के बारे में जानकारी थी और ऐसा संदेह है कि उसी ने यह सब किशोर को उपलब्ध करवाया।

# दिल्ली में राजनीतिक दल लगा रहे आग: कन्हैया

एजेंसी ▶▶| पटना

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बृहस्पतिवार को 'संविधान बचाओ, नागरिकता बचाओ' महारैली में भाकपा नेता कन्हैया कुमार समेत कई दिग्गज शामिल हुए। सीएए, एनआरसी और एनपीआर के विरोध में आयोजित महारैली में केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला गया। महारैली में शामिल नेताओं ने सीएए, एनआरसी और एनपीआर को लेकर जहां केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर निशाना साधा। शाहीनबाग का जिक्र करते हुए सीएए, एनआरसी और एनपीआर को स्वीकार नहीं करने की बात कही।



वहीं, दिल्ली में हुई हिंसा पर कन्हैया कुमार ने कहा कि वहां राजनीतिक दल आग लगा रहे हैं।

### जनता और गणतंत्र बचाने की यात्रा

'संविधान बचाओ, नागरिकता बचाओ महारैली' को संबोधित करते हुए कन्हैया कुमार ने 'जन गण यात्रा' के बारे में मौजूद लोगों को बताया।

### हिंसा की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो: मायावती

**नई दिल्ली।** बसपा प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली की हिंसा को 1984 जैसी हिंसा करार दिया और कहा कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।




# 'महिला सम्मान' की वकालत पर बुरे फंसे तेजस्वी भाजपा विधायक बोलीं-पहले अपना घर ठीक करें

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार की विधानसभा में राजनीतिक दलों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच कुछ ऐसा हो रहा है जिससे सामने वाला नेता असहज हो जाता है। ऐसे ही कुछ वाकया नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ हुआ। महिला सम्मान की बात करने पर भाजपा विधायक गायत्री देवी ने तेजस्वी यादव को कठघरे में खड़ा करके 'पहले खुद के घर को ठीक करने' की नसीहत तक दे डाली। बीजेपी विधायक के बयान के बाद तेजस्वी यादव थोड़ी देर के लिए खामोश हो गये, फिर उन्होंने जवाब दिया।

दरअसल, महिला सम्मान की बात करते हुए सदन में तेजस्वी यादव ने सरकार से सवाल पूछना शुरू किया। इसी बीच बीजेपी विधायक गायत्री देवी खड़ी हुईं और तेजस्वी को पहले अपना घर ठीक करने की नसीहत दे डाली। गायत्री देवी ने कहा कि 'तेजप्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय लालू-राबड़ी परिवार की बहू हैं। लेकिन, उन्हें घसीटकर बाहर कर दिया गया।' गायत्री देवी के बोलने से सत्ता पक्ष के कई विधायक भी उत्साहित हो गए और उन्होंने विधायक को बोलना जारी रखने को कहा।

- भाजपा विधायक के बयान के बाद तेजस्वी यादव थोड़ी देर के लिए खामोश हो गए फिर उन्होंने जवाब दिया।



### 'न दें 'महिला सम्मान पर नसीहत'

गायत्री देवी की बात पर तेजस्वी यादव कुछ देर के लिए खामोश हो गये। हालांकि, उन्होंने तुरंत पलटवार करते हुए कहा कि 'आपको बोलने से मंत्री नहीं बना दिया जाएगा।' लेकिन, गायत्री देवी ने अपनी बातों को जारी रखते हुए आगे कहा कि 'ऐश्वर्या के दादा बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। पिताजी विधायक हैं। इसके बावजूद ससुराल में उनको जो सम्मान मिलना चाहिए था वो नहीं दिया गया। तेजस्वी यादव पहले अपने घर को ठीक करें फिर महिला सम्मान पर उन्हें नसीहत देनी चाहिए।'

### ये है घर का मामला

बता दें शादी के छह महीने बाद ही तेज प्रताप यादव और ऐश्वर्या राय के रिश्तों में तल्खी आनी शुरू हो गयी थी। दोनों के बीच घरेलू विवाद जारी है। तेजप्रताप यादव ने ऐश्वर्या राय से तलाक के लिए पटना के फैमिली कोर्ट में आवेदन भी दिया है। हालांकि, इस मामले पर कोर्ट का फैसला नहीं आया है। फिलहाल ऐश्वर्या राय अपने मायके में रह रही हैं। मामले को लेकर बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास पर भारी हंगामा भी हो चुका है। इस हाई-प्रोफाइल मामले ने खूब सुर्खियां भी बटोरी थी।

### मोटर बोट से खींचकर तट से करीब 100 मीटर दूर पानी के बीच लंगर डाला जाएगा

# छगः झील में कैबिनेट बैठक के लिए बना फ्लोटिंग हॉल, कल 30 वीवीआईपी जुटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छोटे-बड़े द्वीपों से घिरे सतरेंगा की गहरी नीली झील के बीच प्रकृति की मनमोहक वादियों को निहारते हुए भूपेश सरकार की कैबिनेट बैठक होने जा रही है। इस आयोजन के लिए खास तौर पर फ्लोटिंग जैटी के ऊपर फ्लोटिंग हॉल बनाया जा रहा है। 20 बाई 40 के कमरे में 40 लोगों की क्षमता होगी, पर 30 वीवीआईपी की बैठक व्यवस्था होगी। कमरे के बाहर ढाई फीट के गलियारे में 10 सशस्त्र जवान सीएम समेत मंत्रिमंडल के लिए बनने वाले पहले सुरक्षा घेरे के रूप में तैनात रहेंगे। मोटर बोट से खींचकर तट से करीब 100 मीटर दूर पानी के बीच लंगर डाला जाएगा, जिसके इर्द-गिर्द फ्लोटिंग जैटी तैरती रहेगी। 29 फरवरी को सतरेंगा में होने वाली कैबिनेट बैठक की तैयारियां अन्तिम चरण पर हैं। कलेक्टर-एसपी समेत प्रशासन एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने गुरुवार को भी यहां पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।



#### चार बोट पर रहेगी पुलिस पार्टी

फ्लोटिंग जैटी के अलावा हॉल के आसपास पानी पर चार मोटर बोट घेरे रहेगी, जिसमें भी पुलिस और सशस्त्र जवान चौकसी करते रहेंगे। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस एवं आर्म्ड फोर्स समेत पांच लेयर का सुरक्षा घेरा रहेगा, जिसमें से दो लेयर फ्लोटिंग हॉल व जैटी के आस-पास तैनात रहेगी। एक लेयर का सुरक्षा सर्कल तट पर मौजूद रहकर एरिया डॉमिनेशन पर निगाह रखेगा और अन्तिम लेयर तटों और आसपास निगरानी करेगा। एसपी जितेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि वीवीआइपी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम पुलिस की ओर से किया जाएगा। इसके लिए बड़ी संख्या में सिविल पुलिस, सशस्त्र बल एवं अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी रखी जाएगी। तीन लेयर के सुरक्षा घेरे के भीतर सीएम समेत मंत्रिमंडल होगा, जबकि दो लेयर बाहरी स्थितियों पर निगाह रखते हुए छावनी की शक्ल में चौकसी करता दिखाई देगा।

#### ऐसे बना है फ्लोटिंग हॉल

फ्लोटिंग जैटी के चौकोर डिब्बों को आपस में जोड़कर चबूतरा का रूप दिया गया है। इसके चारों ओर अस्थायी तौर पर एल्यूमिनियम पट्टी व ग्लास की मदद से पारदर्शी दीवार बनाई जा रही है। इस हॉल में बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इस तरह शांत एवं सुकून भरे वातावरण में प्रकृति के बीच चारों ओर के विहंगम दृश्य का आनन्द और एकान्त में भूपेश सरकार की यह बैठक होगी।

#### एयर स्ट्रिप से स्पॉट तक निगाह

पूरे कार्यक्रम के दौरान बाल्को एयर स्ट्रिप से लेकर सतरेंगा व गढ़-उपरोड़ा तक मार्ग में और उधर सतरेंगा से बुका जलाशय के बीच भी बोट में जगह-जगह पुलिस बल चौकसी करेगा।

#### गोताखोर व आपदा राहत दल मुस्तैद रहेंगे

सतरेंगा गहरे पानी का एक मनोहारी स्थल है, जहां चार हजार हेक्टेयर में अपार जलराशि मौजूद है, जबकि 69 गांव में बना पूरा बांगो बरॉज का क्षेत्रफल 18 हजार 847 हेक्टेयर में फैला हुआ है।

#### घने जंगल व छोटी-बड़ी पहाड़ियों के बीच है सतरेंगा

मिनीमाता हसदेव बांगो बरॉज की अथाह जलराशि के डुबान क्षेत्र में शामिल सतरेंगा घने जंगल एवं छोटी-बड़ी पहाड़ियों से बीच अवस्थित है। जिला मुख्यालय से भी यह विहंगम पर्यटन स्थल करीब 40 से 45 किलोमीटर दूर है, जहां भूपेश सरकार इस बार की कैबिनेट बैठक करने जा रही है। अतिविशिष्ट व्यक्तियों की मौजूदगी वाली इस अति महत्वपूर्ण बैठक के लिए सतरेंगा की नीली झील पर खास फ्लोटिंग हॉल बनाया जा रहा है, जो फ्लोटिंग जैटी पर तैरता दिखाई देगा। मुख्यमंत्री समेत सारा मंत्रिमंडल किनारे पर लगी फ्लोटिंग जैटी के ऊपर तैरते हॉल में प्रवेश करेगा और सुरक्षा दस्ते के साथ हॉल को मोटर बोट से खींचकर पानी के बीच ले जाया जाएगा। पानी के बीच एक स्थान पर जैटी को लंगर की मदद से रोक दिया जाएगा और बोट वापिस आ जाएगी। लंगर से बन्धा हॉल वहीं तैरता रहेगा और बैठक के दौरान दस जवान जैटी में घेरा डाले मौजूद रहेंगे। बैठक खत्म होने के बाद पुनः मोटर बोट की मदद से फ्लोटिंग जैटी समेत हॉल को खींचकर वापस किनारे पर लाया जाएगा।

### कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे बोले

## 'देश में अब भी थोड़ी मोदी लहर है, मोदी ने मुझ पर भी जादू कर दिया था'

एजेंसी ▶▶ सोलापुर (महाराष्ट्र)



■ मोदी के पहले कार्यकाल में दो साल के बाद स्थिति बिगड़ने लगी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में अब भी 'थोड़ी मोदी लहर' है और उन्होंने माना कि शुरू में वह भी प्रधानमंत्री से प्रभावित हो गये थे। उन्होंने कहा कि मोदी के पहले कार्यकाल में दो साल के बाद स्थिति बिगड़ने लगी। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि कांग्रेस महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार चलाने के वास्ते भाजपा की पूर्व सहयोगी शिवसेना को न्यूनतम साझा कार्यक्रम स्वीकार करने के लिए राजी कर पायी। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में धर्मनिरपेक्ष सरकार सत्ता में लाए और यह महज शुरुआत है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को अब भी थोड़ा बहुत जनसमर्थन प्राप्त है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि मुझे मालूम है कि अब भी थोड़ी मोदी लहर है। उन्होंने हम सभी पर जादू किया था। उन्होंने मुझ पर भी जादू किया था। उन्होंने कहा कि शुरू के दो सालों के दौरान मैंने कहा था कि वह अच्छा कार्य कर रहे हैं लेकिन आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी, रोजगार के बारे में गुमराह करने वाले दावे बेनकाब हुए, विभिन्न समुदायों के बीच विभाजन पैदा किया गया, धार्मिक आधार पर लिये गये कुछ निर्णयों के चलते देश में स्थिति बिगड़ी। डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा की सराहना करते हुए शिंदे ने कहा कि इस मौके पर मोदी का भाषण अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ उनकी दोस्ती के बारे में था और कुछ नहीं।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री येदियुरप्पा 75 वर्ष के हुए, मोदी समेत कई नेताओं ने दी बधाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी एस येदियुरप्पा बृहस्पतिवार को 78 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई नेताओं ने उन्हें इस अवसर पर बधाई दी। मोदी ने येदियुरप्पा की तारीफ करते हुए उन्हें 'मेहनती' मुख्यमंत्री बताया और उनकी दीर्घ आयु तथा अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। राज्य के कई नेता उनके आवास पर गए तथा उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि कर्नाटक के मेहनती मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई। वह राज्य की प्रगति खासतौर से किसानों के कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए पूरी लगन के साथ काम कर रहे हैं। मैं उनकी दीर्घ आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

### बंगाल नगर निकाय चुनावः राज्य निर्वाचन आयुक्त से मिले राज्यपाल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त सौरव दास से नगर निकाय चुनावों को लेकर मुलाकात की। इन चुनावों की तारीखों की घोषणा अभी बाकी है। राजभवन में यह बैठक 20 मिनट तक चली। सुबह 11.50 बजे के आसपास राज्यपाल के सरकारी आवास से बाहर निकलने के दौरान पत्रकारों द्वारा बैठक में चर्चा के बारे में पूछने पर दास ने चुप्पी साध ली। धनखड़ ने पहले कहा था कि वह 27 फरवरी को दास से राज्यव्यापी नागरिक चुनावों के बारे में अपडेट मांगेंगे।

### नाबालिग नौकरानी से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कारावास, 51 हजार जुर्माने की सजा

**सिमडेगा।** सिमडेगा में जिला न्यायाधीश मधुरेश कुमार वर्मा की अदालत ने कुरडेग थाना कांड संख्या 37-18 व स्पेशल पोक्सो 35-18 के अतर्गत नाबालिग नौकरानी से दुष्कर्म के आरोप में तीन बच्चों के पिता विनोद गुप्ता को दोषी करार देते हुए आज 20 वर्ष कारावास एवं 51 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। वर्ष 2018 के इस मामले में नाबालिग लड़की आरोपी के घर में नौकरानी का काम करती थी। इसी दौरान आरोपी विनोद गुप्ता ने बहलाकर व प्रलोभन देकर नाबालिग का शारीरिक शोषण किया।

## छग प्रदेश कांग्रेस महासचिव गिरीश देवांगन जाएंगे राज्यसभा !

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।

आखिरी समय में अगर कोई परिवर्तन नहीं हुआ तो गिरीश देवांगन इसबार राज्यसभा पहुंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन का दायित्व निभा रहे गिरीश देवांगन का नाम खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगे बढ़ाया। जिस पर आलाकमान की सहमति के बाद बुधवार की शाम उनकी मुलाकात प्रियंका गांधी से कराई गई।

मुलाकात में मुख्यमंत्री और प्रभारी पीएल पुनिया भी मौजूद थे। दूसरी सीट पर बुजुर्ग हो चले वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा को एक और कार्यकाल दिया जा सकता है। उन्होंने कुछ दिन पूर्व खुद सोनिया गांधी से मिलकर इसकी गुजारिश भी की है। उच्चसदन के लिए 17 राज्यों से खाली हो रहीं कुल 55 सीटों पर 26 मार्च को चुनाव होने है। उसमें से दो सीटें छत्तीसगढ़ की भी है।

#### घटनाक्रम जो देवांगन की दावेदारी मजबूत करते हैं

बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविशंकर शुक्ला विवि की दीक्षांत समारोह में भाग लेने गए हुए थे। सीएमओ को सूचना मिलती है कि बुधवार की शाम सात बजे प्रियंका गांधी ने मिलने का समय दिया है। प्रभारी पीएल पुनिया के मार्फत समय लिया गया था। देवांगन ने हैरानी से कहा हमारे पास तो कपड़े वगैरह अभी नहीं हैं। उन्हें ओएसडी ने बताया कि शाम को जाना है देर रात लौट आना है बस आप साथ निकल लेना।

## आज से दिल्ली में शुरू हो रहा है तीन दिवसीय 'अयोध्या पर्व'


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नईदिल्ली

■ अयोध्या पर्व के माध्यम से लोगों को भगवान राम से जुड़ी तमाम अनसुनी जानकारियां दी जाएंगी

अयोध्या में राममंदिर निर्माण से पहले अगर आप वहां की भव्यता से रूबरू होना चाहते हैं तो यह मौका राजधानी दिल्ली में मिल सकता है। शुक्रवार 28 फरवरी से 1 मार्च तक यानि तीन दिन तक इंदिरागांधी कलाकेंद्र में चलने वाले अयोध्या पर्व के माध्यम से लोगों को भगवान राम से जुड़ी तमाम अनसुनी जानकारियां को परोसने के साथ ही लघु अयोध्या को भी दिखाने की तैयारी है।

भाजपा सांसद लल्लू सिंह की अगुवाई में मनाए जाने वाले इस पर्व में अयोध्या के पारम्परिक खान-पान के साथ ही अवध की संस्कृति, वहां के धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों के साथ ही अयोध्या के संपूर्ण गौरव से भी लोगों को परिचित कराया जाएगा। सिंह ने बताया कि पिछले साल से ही इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई है। साल भर के भीतर ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राममंदिर के पक्ष फैसला सुनाए जाने के बाद अब इस कार्यक्रम के लिए लोगों को उत्साह दोगुना हो गया है। उन्होंने कहाकि अयोध्या पर्व के लिए तय तीन दिनों में कई कार्यक्रम व गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी।


### जलमग्न...



इंग्लैंड। बाढ़ की वजह से वॉर्सेस्टर शहर जलमग्न हो गया।

## मप्र में अवैध हथियारों का बड़ा जखीरा मिला, लायसेंसी दुकानों पर भी शक की सुई

एजेंसी ▶▶ इंदौर



■ आरोपियों के कब्जे से कुल 34 देशी पिस्तौल और देशी कट्टे बरामद

पुलिस ने अवैध हथियारों का बड़ा जखीरा पकड़ते हुए इनके निर्माता समेत पांच लोगों को अलग-अलग स्थानों से बृहस्पतिवार को धर दबोचा। इसके साथ ही, हथियारों की लायसेंसी दुकानों से कारतूसों की गैरकानूनी बिक्री के सुराग मिलने का खुलासा किया।

पुलिस महानिरीक्षक विवेक शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सेवक सिंह चावला (21), करण यादव (19), चंद्रकांत ठाकरे (20), शशांक कौशल (27) और राधेश्याम सिंह (28) के रूप में हुई है। शर्मा ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से कुल 34 देशी पिस्तौल और देशी कट्टे बरामद किये गये हैं। पुलिस महानिरीक्षक के मुताबिक यह प्रदेश में पिछले डेढ़ साल के दौरान एक ही मामले में अवैध हथियारों की सबसे बड़ी बरामदगी है। उन्होंने बताया कि पड़ोसी खरगोन जिले का रहने वाला चावला अवैध हथियारों का कारखाना चलाता है, जबकि चार अन्य इंदौर निवासी आरोपी इन आग्नेय अस्त्रों की खरीद-फरोख्त में शामिल हैं। शर्मा ने बताया कि हमें आरोपियों से पूछताछ में सुराग मिले हैं कि अवैध हथियारों के खरीदार बंदूकों और कारतूसों की लायसेंसी दुकानों से गोलियां हासिल कर रहे हैं। मैंने इसकी जांच शुरू कराने के साथ ही पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखकर कुछ सुझाव दिये हैं ताकि असलहे के इस गैरकानूनी कारोबार पर रोक लग सके। पुलिस महानिरीक्षक ने सुझाया कि सूबे के लायसेंसी हथियारधारकों को उनके तय कोटा के मुताबिक गोलियों की नई खेप अधिकृत दुकानों से तब ही बेची जानी चाहिये, जब वे पहले जारी की गयी खेप में शामिल कारतूसों के खोखे दुकानदारों के सामने पेश कर दें। उन्होंने बताया, मैंने यह सुझाव भी दिया है कि नीति बनाकर तय किया जाना चाहिये कि लायसेंसी हथियारधारक अपने क्षेत्र की किसी एक दुकान से ही कारतूस खरीद सकते हैं।

## बांग्लादेशी छात्रा को 'सरकार विरोधी गतिविधियों' के लिए भारत छोड़ने को कहा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

■ इस आदेश की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर भारत छोड़ना होगा

गृह मंत्रालय ने विश्व भारती विश्वविद्यालय की एक बांग्लादेशी छात्रा को ''सरकार विरोधी गतिविधियों'' में बार-बार शामिल होने के लिए देश छोड़कर जाने को कहा है।

केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्नातक की छात्रा अफसरा अनिका मीम को गृह मंत्रालय के तहत आने वाले विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय, कोलकाता ने 'भारत छोड़ो नोटिस' दिया है। नोटिस में कहा गया है कि मीम ने वीजा उल्लंघन भी किया। इसमें कहा गया है कि वह सरकार विरोधी गतिविधियों में शामिल पाई गई और ऐसी गतिविधि उसके वीजा का उल्लंघन है। विदेशी नागरिक भारत में नहीं रह सकती, उन्हें इस आदेश की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर भारत छोड़ना होगा। इसमें मीम को नोटिस मिलने की तारीख के 15 दिनों के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। नोटिस में यह नहीं बताया गया कि वह किस तरह की गतिविधियों में शामिल रही। बांग्लादेश के कुश्तिया जिले की रहने वाली महिला ने 2018 में विश्वविद्यालय के बैचलर ऑफ डिजाइन पाठ्यक्रम में दाखिला लिया था। उसे 14 फरवरी की तारीख का यह नोटिस बुधवार को मिला।

## आयकर विभाग ने छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों के परिसरों में की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ रायपुर

आयकर विभाग ने छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारियों से जुड़े करीब 25 ठिकानों और अन्य स्थानों पर कथित कर चोरी के मामले में गुरुवार को छापेमारी की। जिन लोगों पर छापे की कार्रवाई हुई है उनमें राज्य के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के परिवार के सदस्य भी शामिल है। सूत्रों ने बताया कि राज्य के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव ए. के. टुटेजा, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं राज्य के पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड और रायपुर के मेयर एजाज ढेबार के परिसरों में छापेमारी की गई। ढांड छत्तीसगढ़ 'रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी' (आरईआरए) के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि शराब कारोबारी अनवर ढेबर (मेयर एजाज ढेबर के भाई) और पप्पू भाटिया के कुछ ठिकानों पर भी छापेमारी की गई। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि उन्हें मीडिया के माध्यम से रायपुर में महापौर (एजाज ढेबर) के परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर आयकर छापे के बारे में पता चला है।


### महाराष्ट्रः सभी स्कूलों में मराठी भाषा को अनिवार्य करने संबंधी विधेयक पारित

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान सभा में राज्य के सभी स्कूलों में मराठी भाषा को अनिवार्य बनाने से संबंधित एक विधेयक बृहस्पतिवार को सर्वसम्मति से पारित हो गया। 'मराठी भाषा दिवस' के दिन 27 फरवरी को यह विधेयक पारित हुआ जो ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित दिवंगत वी वी शिरवाडकर की जयंती है।

### दोहरे विकास के प्रकल्पों ने बदली महाराष्ट्र के विदर्भ की जिंदगी

# देश के सूखे-बाढ़ की समस्या को खत्म कर सकता है 'बुलढ़ाणा पैटर्न'

ओ.पी. पाल ▶▶ बुलढाणा (महाराष्ट्र)



महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त विदर्भ के किसानों और ग्रामणों के लिए जिस प्रकार से 'बुलढाणा पैटर्न' वाली दोहरी परियोजना वरदान साबित हो रही है। इस पैटर्न ने अकेले बुलढाणा जिले के 283 गांवों के लाखों ग्रामीणों व किसानों की जिंदगी को बदल दिया है। मसलन 'बुलढाणा पैटर्न' ने ऐसी राह दिखाई है कि ऐसी परियोजना को अपनाने से देशभर में सूखा और बाढ़ जैसी समस्या से निपटा जा सकता है।

दरअसल महाराष्ट्र के विदर्भ इलाके का बुलढाणा, अकोला व जालना जिले के 283 से भी ज्यादा गांवों के किसानों को सिंचाई और ग्रामीणों को पीने के पानी मिलने से उनकी अर्थव्यवस्था को मजबूती के साथ लाभ मिल रहा है। इससे पहले सूखे और बाढ़ के कारण किसानों की फसलें और पशुपालन पूरी तरह से प्रभावित हो जाता था, जहां ग्रामीणों के लिए टैंकरों के जरिए पीने का पानी भेजा जा रहा था, लेकिन इस पैटर्न ने बुलढाणा के अलावा अन्य जिलों में जल संकट की समस्या को दूर होने से किसानों द्वारा अब साल में दो और तीन फसले ले रहे जिनकी आर्थिक व्यवस्था में सुधार हुआ है। अकेले बुलढाणा जिले के 152 गांव के 4.83 लाख किसानों व ग्रामीण लाभान्वित हुए हैं और उनकी खेती, पशुपालन व मछलीपालन का काम आसान हुआ है। इससे पहले फसलों की बर्बादी में आर्थिक तंगी के कारण आत्महत्या करने का मजबूर देखे गये है। इस बारे में खुद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कहते हैं कि बुलढाणा जिले में 12 प्रकल्पों में 491 किमी लंबे महामार्ग विकास परियोजना को मंजूरी देकर 2016 में इसके साथ जल संवर्धन का काम भी जोड़ा गया यानि यह टू-इन-वन परियोजना के जरिए 5510 लाख घन मीटर जलभंडारण का निर्माण हुआ। इस दोहरी विकास परियोजना में राज्य सरकार का भी 170 करोड़ रुपये बचा है, वहीं 900 करोड़ की योजना को बिना किसी खर्च के पूरा किया जा रहा है। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि बुलढाणा में महामार्ग विकास परियोजना के जरिए 22,800 कुओं का पुनर्भरण किया गया है और 1426 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र की बढ़त हुई।

#### क्या है बुलढाणा पैटर्न

राज्य में महामार्ग परियोजना और बिना खर्च जलवर्धन ऐसी दोहरी परियोजना है, जिसमें सड़क निर्माण और सड़क चौडीकरण हेतु जलसंवर्धन के लिए तालाबों, नदियों और नालों की गहराई के लिए खोदी जाने वाली मरुम मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे जहां सड़क निर्माण की परियोजओं को तेजी से बढ़ाया जा रहा है, वहीं सूखे तालाबों औ नदी नालों में पानी का संग्रह लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण किसानों को सिचांई और पशुओं को पीने के लिए पानी मिल रहा है।

#### बुंदेलखंड में भी बुलढाणा पैटर्न ?

आगामी 29 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग की आधारशिला रखेंगे। इस संबन्ध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने लखनऊ में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुंदेलखंड के लिए शुरू होने वाली सड़क परियोजना में 'बुलढाणा पैटर्न' का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया था।

## चिंतन

# कोरोना से सुस्त होगी जीडीपी दर की रफ्तार

भारत समेत विश्व की अर्थव्यवस्था पर कोरोना वायरस का प्रभाव पड़ना तय है। जिस तरह इस वायरस ने चीन से बाहर निकल कर विश्व के कई दूसरे देशों में पांव पसारा है, उसका वैश्विक आर्थिक गतिविधयों पर गहरा असर पड़ने वाला है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने दो दिन पहले ही चीन की जीडीपी में एक फीसदी तक व विश्व की जीडीपी में आधा फीसदी तक गिरावट का अनुमान जताया है। भारतीय उद्योग संगठनों ने भी कोरोना वायरस के चलते देश में आर्थिक संचालन के प्रभावित होने की बात कही है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गत 16 फरवरी को 'नोवल कोरोनावायरस इन इंडियाः एन इंपेक्ट एनालिसिस₹ शीर्षक से एक सर्वे रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि चीन में 130 भारतीय कंपनियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती कर्मचारियों को रोकने और उनकी भर्ती करने की है, क्योंकि अधिकतर लोग अपने घर के पास ही काम करना चाहते हैं और ज्यादा दूर तक ट्रैवल करने से डर रहे हैं। सर्वे रिपोर्ट में बिना नाम लिये बताया गया कि चीन में भारतीय आईटी कंपनियों को बुरी तरह नुकसान हुआ है। सीआईआई के मुताबिक कोरोना के डर के चलते चीन में भारतीय आईटी कंपनियां मौजूदा प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा नहीं कर पा रही हैं और नए प्रोटेक्स में भी कमी आ रही है। इससे अब चीन में स्थित भारतीय आईटी कंपनियों के वैश्विक ग्राहक मलेशिया और वियतनाम जैसी जगहों पर नए सर्विस प्रोवाइडरों के पास जा रहे हैं। दरअसल, केवल चीन में ही भारतीय कंपनियों पर असर नहीं पड़ रहा है, बल्कि भारत में यहां काम कर रही कंपनियां भी प्रभावित हो रही हैं। यहां सैकड़ों इलेक्ट्रॉनिक, ऑटो, फार्मा, रसायन आदि कंपनियां अपना कच्चा माल चीन से मंगाती हैं, लेकिन कोरोना के चलते वहां से आपूर्ति में बाधा आ रही है। इस तरह भारतीय कंपनियों को चीन में भी व भारत में कोरोना की मार झेलनी पड़ रही है। भारत पहले से ही सुस्ती का सामना कर रहा है। घरेलू अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी है, जीडीपी दर 4.5 फीसदी पर सरक रही है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में फंड से लेकर विपणन तक की दिक्कतें हैं। भारत के अलावा अमेरिका, लैटिन अमेरिकी, अफ्रीकी व यूरोपीय आदि अन्य देश भी सस्ते कच्चे माल के लिए चीन पर निर्भर हैं। इन देशों की अर्थव्यवस्था पर प्रभावित होगी। दो दिन पहले ईरान के बाद इटली में कारोना संक्रमण अधिक फैला है। दोनों ही देशों में मौतें हुई हैं। ईरान पहले से ही अमेरिकी प्रतिबंध को सामना कर रहा है। अमेरिकी व चीन के बीच जारी ट्रेड वार व अमेरिकी संरक्षणवाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले से ही कठिन दौर का सामना कर रही है। और कोरोना के चलते विश्व की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट लगने वाली है। विश्व के अधिकांश देशों की सरकारों का फोकस कोरोना से बचाव की ओर शिफ्ट करेगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर निवेश कम होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन कोरोना रोकने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठा पाया। यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी इबोला, जीका, निपाह, स्वाइन फ्लू, एसआईवी आदि केस में भी न ही डब्ल्यूएचओ व न ही चिकित्सा वैज्ञानिक कोई समाधान ढूंढ़ पाए। कारोना के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होने की प्रबल संभावना है। अभी वक्त नुकसान को कम करने की दिशा में कदम उठाने का है। भारत चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपने मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करे और विश्व में उपलब्ध हो रहे मौके का फायदा उठाए।

## सारा संसार



प्रकृति से प्यार करने वाले लोगों को शायद ही इस बात का पता हो कि खोनोमा को एशिया का सबसे पहला हरा-भरा गांव घोषित किया गया है। ये गांव नागालैंड के कोहिमा से 20 किलोमीटर दूर खोनोमा की वादियों में स्थित है। इस गांव में 100 से ज्यादा अलग-अलग प्रजाति के लोग रहते हैं। यह अच्छा टूरिस्ट प्लेस है।

## व्यंग्य
संतोष उत्सुक

# जो डर गया वो जी गया

दुनिया के कुछ देशों को धर्म, राजनीति व जाति जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं बारे सोचने का समय नहीं होता। वे दूसरे फ़ालतू काम करते रहते हैं। छोटे मगर सबसे खुश देश माने जाने वाले, फिनलैंड की ह्युमन इमोशन सिस्टम लेबोरेटरी में किए शोध के मुताबिक, डरने से दिमाग का वह हिस्सा सक्रिय हो जाता है जो हमें सतर्क व सजग रहने को प्रेरित करता है। भारतीय माहौल में यह काम क्राइम सीरियल देखकर हो जाता है । कुछ लोग क्राइम करने वालों से सतर्क और सुरक्षित हो जाते हैं तो क्राइम कैसे करें यह भी सीख जाते हैं। यह तो सच है कि हम डर के कारण ही आसपास के खतरों बारे जागरूक रहते हैं और अपनी देखभाल भी करते हैं । बिना भय के खतरा ही रहता है। अगर डर नहीं होगा तो हमारे पास लड़ने या भागने के लिए ऊर्जा, गति, शक्ति और ध्यान नहीं रहेगा । वैसे भी जीने के दो तरीके हैं डर कर या डराकर। बंदा डर कर ही भागता है डराकर नहीं। डराकर जीने वाले को अपनी सुरक्षा का प्रबंध भी करना होता है जैसे कि सरकार के शक्तिशाली लोग, गलत तरीके से धन कमाने और ज़मीन हथियाने वाले। डरने वाले को असुरक्षा भी ज्यादा परेशान नहीं करती जैसे करोड़ों आम लोग । किसी ज़माने में कहा जाता था, जो डर गया वो मर गया, लेकिन बदलते समय में यह गलत साबित हो चुका है। अब तो डरने वाला, शांत रहने वाला समाज सभी सुविधाएं प्राप्त करता है। यह सही कहा गया था कि डर के आगे ही जीत नहीं है बलिक डर के ऊपर, नीचे, दाएं बाएं, अड़ोस पड़ोस में जीत के झंडे लहरा रहे हैं। शासक और प्रशासक मुस्कुराते हुए डराता है और प्रजा उसकी जय-जयकार करती है, इस तरह दोनों की सकारात्मकता में इजाफा हो जाता है। डराने और डरने को सामाजिक स्वीकृति मिल जाती है। अब तो डराने के लिए नए रास्ते खोजे जा रहे हैं, ताकि ताज़गी बरकरार रहे और डरने वाला इंतज़ार में रोमांचित रहे । अब यह पता नहीं चलता कि डराने वाला कौन सा नया इरादा इस्तेमाल कर ले, जैसे मनोरंजन के स्वतन्त्र पैरोकारों ने उन्मुक्त वेब सीरीज़ बनाकर दर्शकों की नैतिकता को नए रोमांचक तरीकों से डराना शुरू कर दिया है। हंसाने का कारोबार शबाब पर है, लेकिन हंसने-हंसाने वालों को शायद पता न हो कि मानव शरीर और मन को सहज स्थिति में लाने में हंसने से ज्यादा रोना कारगर माना गया है। रोना अवश्य ही डरने से आगे की स्थिति है। डराना अब सामाजिक, नैतिक, धार्मिक, राजनैतिक व आर्थिक व्यवसाय है और जो व्यक्ति इन माध्यमों से नहीं डरता उसे ताक़त, गाली, नफरत, गोली या शब्दों से ही अच्छा खासा डराने का प्रयास किया जाता है और डरा भी दिया जाता है। सामान्य जीवन के लिए डरना जरूरी है।

# रिश्तों को नया आयाम

भारत-अमेरिका
डॉ. अश्विनी महाजन

भारत यात्रा से पहले और उसके दौरान ट्रंप ने बार-बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी मित्रता का हवाला भी दिया। समझा जा सकता है कि दुनिया के दो महान राष्ट्रों के शासनाध्यक्षों के बीच ऐसा सौहार्द एक अच्छा संकेत है। पिछले लंबे समय से अमेरिका, चीन और भारत के साथ व्यापार युद्ध छेड़े हुए है। चीन के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति की यह शिकायत है कि वह अपने सस्ते माल को अमेरिका में डंप करते हुए अमेरिकियों के रोजगार को समाप्त कर रहा है, इसलिए अपने देश के रोजगार और अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए वे हर कदम उठाएंगे।

अपनी 36 घंटे की भारत यात्रा पूरी कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वापस लौट चुके हैं। पिछले लगभग एक माह से ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। आज की दुनिया में विभिन्न मुल्कों के साथ राजनयिक, सामरिक एवं आर्थिक संबंधों की एक विशेष भूमिका है। ऐसे में दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क अमेरिका के राष्ट्रपति की भारत यात्रा, आज के समय की एक महत्वपूर्ण घटना मानी जा रही है। इस यात्रा का महत्व और ज्यादा बढ़ गया, क्योंकि धारा 370 की समाप्ति से कश्मीर में शांति का मार्ग खुला, लेकिन इसको स्थाई रूप देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माहौल बनाया जाना भी जरूरी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह कहकर कि भारत कश्मीर के लिए जो भी करेगा अच्छा ही होगा, कश्मीर के मुद्दे पर विवादों पर लगभग पूर्ण विराम लगा दिया है।

भारत यात्रा से पहले और उसके दौरान ट्रंप ने बार-बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी मित्रता का हवाला भी दिया। समझा जा सकता है कि दुनिया के दो महान राष्ट्रों के शासनाध्यक्षों के बीच ऐसा सौहार्द एक अच्छा संकेत है। पिछले लंबे समय से अमेरिका, चीन और भारत के साथ व्यापार युद्ध छेड़े हुए है। चीन के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति की यह शिकायत है कि वह अपने सस्ते माल को अमेरिका में डंप करते हुए अमेरिकियों के रोजगार को समाप्त कर रहा है, इसलिए अपने देश के रोजगार और अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए वे हर कदम उठाएंगे। साथ ही अमेरिका को भारत से भी यह शिकायत है कि भारत तमाम प्रकार का सामान अमेरिका में बेचता है, लेकिन अमेरिकी सामान पर ऊंचे आयात शुल्क लगाए जाते हैं या उन्हें प्रतिबंधित किया जाता है। पिछले काफी समय से अमेरिका, चीन और भारत से आने वाले सामानों पर टैरिफ यानी आयात शुल्क लगातार बढ़ाता जा रहा है। कुछ माह पूर्व अमेरिका ने भारत को रियायत देने वाला एक प्रावधान 'जीएसपी' हटा दिया था, जिससे भारत से जाने वाले लगभग 5.6 अरब डालर के निर्यातों पर असर पड़ा। ट्रंप की भारत यात्रा से




कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने भारत को विकासशील देशों की श्रेणी से हटाकर विकसित देशों की श्रेणी में डाल दिया था। इसका असर यह होगा कि भारत को विकासशील देश के रूप में मिलने वाली व्यापार रियायतें समाप्त हो जाएंगी।

अमेरिका को भारत से केवल यही शिकायत नहीं है कि वह अमेरिका से आने वाले सामान पर भारी शुल्क लगाता है, बल्कि यह शिकायत भी है कि उसने अमेरिका के दुग्ध उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। उधर भारत ने पिछले कुछ समय से अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनियों पर विभिन्न प्रकार के अंकुश लगाए हैं। अमेरिका की यह भी शिकायत है कि भारत का पेटेंट कानून उनकी कंपनियों के हितों के विपरीत है।

भारत ने अमेरिका को दो टूक यह समझाया है कि हम उनकी मांगों को नहीं मान सकते क्योंकि जहां डेयरी का सवाल है, यह मुद्दा गरीब किसानों की जीविका से तो जुड़ा हुआ है ही, अमेरिका का दूध मांसाहारी गायों से प्राप्त होता है, जो हमारे सांस्कृतिक संवेदनाओं को आहत करने वाला है। अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा अनाप-शनाप डिस्काउंट देने के कारण भारत के छोटे दुकानदार अपनी जीविका खो रहे हैं, इसलिए इन कंपनियों पर अंकुश लगाना जरूरी है। जहां तक पेटेंट समेत हमारा बौद्धिक संपदा कानून है यह हमारी स्वास्थ्य सुरक्षा और किसानों की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, इसे किसी भी हालत में बदला नहीं जा सकता। यही नहीं आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की कीमतों पर नियंत्रण देश में गरीबों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नितांत जरूरी है। अमेरिका को नहीं भूलना चाहिए कि भारत उसके लिए एक महत्वपूर्ण बाजार भी है। भारत का लगातार विकसित होता नागरिक उड्डयन उद्योग अमेरिका की बोइंग कंपनी के लिए एक वरदान सिद्ध हुआ है और अगले कुछ वर्षों में भारत अमेरिका की बोईंग कंपनी से 40 अरब डालर की लागत के 300 बोइंग विमान खरीदने वाला है। आज अमेरिका भारत को तेल निर्यात करने वाला बहुत महत्वपूर्ण देश बन चुका है। ऐसे में अमेरिका जिस व्यापार घाटे को लेकर शिकायत कर रहा है, वह अगले कुछ सालों में समाप्त होने वाला है। अमेरिका को समझना होगा कि भारत-अमेरिका के बीच अच्छे संबंध, अंतरराष्ट्रीय संतुलन बनाने के लिए नितांत जरूरी है। भारत-अमेरिका संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में यह बात स्पष्ट हो रही है कि दोनों देश प्रतिरक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। भारत-अमेरिका के बीच सामरिक सहकार बढ़ने से इस महाद्वीप में शक्ति संतुलन बेहतर होगा और चीन जो अपनी सामरिक उपस्थिति इस क्षेत्र में बढ़ा रहा है, उसको भी उचित जवाब मिलेगा।

अमेरिका को नहीं भूलना चाहिए कि भारत आज दुनिया की उभरती महाशक्ति है, जिसकी मजबूती वैश्विक सामरिक संतुलन के लिए भी बहुत जरूरी है। अपने छोटे-मोटे आर्थिक हितों का परित्याग करते हुए उसे भारत की भावनाओं का आदर करना चाहिए। अमेरिका इतिहास में पाकिस्तान का समर्थक रहा है। ऐसे में अमेरिका की भारत से बढ़ती नजदीकियां इस क्षेत्र में भारत की विदेश नीति की सफलता तो है ही, इस क्षेत्र में शांति और सौहार्द के लिए अच्छा संकेत भी है।

## सौंदर्य की अभिव्यक्ति



संकलित
दर्शन

सौंदर्य की कई अभिव्यक्ति है। कृतज्ञता सौंदर्य की एक ऐसी अभिव्यक्ति है। जब आपको अभाव का अनुभव न हो, तब आप कृतज्ञता में होते हैं। आप कृतज्ञता के साथ अभाव को अनुभव नहीं कर सकते। ये दोनों एक ही समय एक साथ नही हो सकते। शायद, आपने दोनो को एक साथ अनुभव किया हो, लेकिन एक ही समय में नहीं। जब आप कृतज्ञता अनुभव करते हो तो आप पूर्ण होते हो। जब आप अभाव अनुभव करते हो, असंतोष का उद्भव होने लगता है। जब आप असंतोष करते हैं तो नकारात्मकता बढ़ने लगती है। जिनके पास यह ज्ञान नहीं है, वे इस असंतुष्टि से बाहर नहीं निकल सकते, वे जीवन भर असंतुष्ट रहते हैं। वे आज किसी का अभाव अनुभव करते हैं तो दूसरे दिन किसी और वस्तु का अभाव अनुभव करते हैं। इसका कोई अंत नही है। ये आपकी प्रकृति बन जाती है। और इसी से इच्छाओं का जन्म होता है और जब इच्छाओं का जन्म होता है तो मस्तिष्क स्पष्ट तरह से नही सोच सकता केन्द्रीत नही हो सकता, सही तरह से काम नही कर सकता; और आप स्वाभाविक रुप से सब कुछ खोने लगते हैं। इसीलिए ज़ीज़स ने कहा, 'जिनके पास है, उन्हें और दिया जाएगा; और वे जिनके पास नही है; उनसे वह भी ले लिया जायेगा जो उनके पास है।' यदि आप कृतज्ञ है तो संपन्नता आती है। और जब आप शिकायत करते हैं या असंतुष्ट होते है, तो थोड़ी सी भी शांति, प्रसन्नता या प्रेम जिसके साथ आप इस दुनिया में आये हो, वह भी समाप्त हो जाएगा। यह प्रकृति का नियम है।

## भूख में भोजन का सुख



संकलित
प्रेरणा

लोग समझते हैं, उपवास भीतर है और भोजन बाहर है। लेकिन बिना भोजन के उपवास नहीं हो सकता। और उलटी बात भी सच है, बिना उपवास के भोजन नहीं हो सकता। इसलिए हर दो भोजन के बीच में आठ घंटे का उपवास करना पड़ता है। वह जो आठ घंटे का उपवास है, वह फिर भोजन की तैयारी पैदा कर देता है। इसलिए अगर तुम दिनभर खाते रहोगे, तो भूख भी मर जाएगी, भोजन का मजा भी चला जाएगा। भोजन का मजा भूख में है। यह तो बड़ी उलटी बात हुई! भोजन का मजा भूख में है। जितनी प्रगाढ़ भूख लगती है, उतना ही भोजन का रस आता है। इसका तो यह अर्थ हुआ कि ध्यान का रस विचार में है। तुमने जितना विचार कर लिया होता, उतनी ही ध्यान की आकांक्षा पैदा होती। इसका तो अर्थ हुआ कि ब्रह्मचर्य की जड़ें कामवासना में हैं; कि तुमने जितना काम भोग लिया होता, उतने ब्रह्मचर्य के फूल तुम्हारे जीवन में खिलते। ये बातें आपको उलटी लगेंगी; क्योंकि जिन्होंने तुम्हें समझाया है अब तक, उन्होंने खंड करके समझाया है। उन्होंने कहा, कामवासना ब्रह्मचर्य के विपरीत है। उन्होंने कहा, संसार संन्यास के विपरीत है। उन्होंने हर चीज के बीच द्वंद्व और संघर्ष और कलह पैदा कर दी है। ये जो कलह पैदा करने वाले लोग हैं, इनको तुम गुरु समझ रहे हो। यही तुम्हें भटकाए हैं। इसी को तुम्हें समझना है और अपने जीवन में विकास का द्वार खोलना है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बुनियादी मसला है स्वास्थ्य**

स्वास्थ्य एक ऐसा मसला है, जिसकी गिनती इंसान की बुनियादी जरूरतों में की जाती है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन हर नागरिक को स्वास्थ्य की गारंटी देने के लक्ष्य से काफी दूर खड़े हैं। आज जब कभी प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र का चैकअप होता है, तो वह कई रोगों से ग्रस्त नजर आता है। विश्लेषण किया जाए, तो स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ की कमी देखने को मिलती है। किसी क्षेत्र में अधोसंरचना का विकास नहीं हो पाया है, तो जहां पर्याप्त अधोसंरचना है, उसका भी समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जाती हैं, लेकिन उनका कोई सार्थक परिणाम नजर नहीं आता। चाहे केंद्र हो या राज्य सभी सरकारों को इस दिशा में गंभीरता पूर्वक सोचना चाहिए। -सुनील प्रसाद

## ट्रेंड

### कांग्रेस व आप चुप



आपको टोपी पहनना मना होगा कहां है सीएए में ये मुद्दा, जिन्नाह वाली आज़ादी शाहीनबाग से नारे लगे, 100 करोड़ हैं तो 15 करोड़ उन्हें भारी पड़ेंगे। ये भी तो उकसाने वाली बाते हैं जिस पर न कांग्रेस बोल रही है न आम आदमी पार्टी।
-प्रकाश जावड़ेकर

### देश की बदनामी



हिंसा, बैर और प्रतिशोध से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। पिछले कुछ दिनों से जो दिल्ली में आग लगी है उससे पूरे देश में दहशत का एक माहौल है और दुनिया में देश की बदनामी हो रही है। मैं समाज के अग्रणी लोगों से शांति की अपील करता हूं।
-स्वामी रामदेव

### जनता माफ नहीं करेगी



आईबी जवान अंकित शर्मा को मारकर नाले में फेंक देना, घर में दंगाइयों को पनाह देना और पेट्रोल बम फेंकना, ऐसे आरोप एक प्रतिनिधि पर लगे हैं। अगर ये साबित होता है, तो ताहिर को न जनता माफ़ करेगी, न कानून और न भगवान।
-गौतम गंभीर

### फायदेमंद ज्वार की रोटी




अगर आप ज्वार को अपने दैनिक आहार में शामिल करना चाहते हैं तो ज्वार की रोटी एकदम सही है। यह लस मुक्त है, वजन घटाने में मदद करता है और मल त्याग को नियमित करता है। मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद है। पूर्ण विजेता! -शिल्पा शेट्टी

## करंट अफेयर

# फुकुशिमा का पानी समुद्र में छोड़े जाने का समर्थन

परमाणु ऊर्जा पर नजर रखने वाली एक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने नष्ट हो चुके फुकुशिमा परमाणु संयंत्र के संदूषित पानी को समुद्र में छोड़े जाने की जापान की योजनाओं को बृहस्पतिवार का समर्थन किया। जापान के पास फुकुशिमा संयंत्र के टैंकों में 10 लाख टन संदूषित पानी जमा है। साल 2011 में भयंकर सुनामी के बाद फुकुशिमा संयंत्र में परमाणु दुर्घटना हो गई थी। सरकार की एक समिति ने पिछले महीने सिफारिश की कि पानी समुद्र में छोड़ा जाए या वाष्पीकृत किया जाए लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया। जापान की जनता ने इन समाधानों को पसंद नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने तोक्यो में पत्रकारों से कहा कि समिति की दोनों सिफारिशें उचित मालूम होती है। उन्होंने कहा, 'जाहिर तौर पर क्या किया जाए और कब, यह फैसला जापान सरकार का है।' उन्होंने कहा, 'हमारा अंतिम विश्लेषण पूरा नहीं हुआ है लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हमने समिति की रिपोर्ट को सही प्रणाली और पद्धति पर आधारित पाया।''



## ऑफ बीट

# मोटापा के चलते कभी रुसवा हुई थी मिस ब्रिटेन



'कुछ वर्षों पहले, अगर कोई मुझसे कहता कि मैं 'मिस ग्रेट ब्रिटेन' बनूंगी, तो मैं कभी यकीन नहीं करती!' यह कहना है 26 वर्षीय जेन एटिक का, जिन्होंने बीते 2 वर्षों में 100 पाउंड ( करीब 46 किलो) वजन घटाया है। उन्होंने यह फैसला तब किया था, जब उनके एक्स मंगेतर ने उन्हें 'मोटापे' की वजह से छोड़ दिया था। इसके बाद जेन ने डाइट को कंट्रोल किया और जिम को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाया है। उन्होंने खूब मेहनत की और आज वह 'मिस ग्रेट ब्रिटेन 2020' हैं। जेन कहती हैं, 'कुछ वर्षों पहले की और मेरी आज कि जिंदगी में दिन-रात का अंतर है। मैं काफी बेहतर खाती हूं, मैं एक डाइट फॉलो नहीं करती। लेकिन मैं उसके बारे में सोचती हूं कि मैं ज्यादा क्या खाती हूं। मैं अब भी खाने का लुत्फ उठाती हूं! अब मैं हफ्ते में 5 बार जिम जाती हूं, जो मुझे बहुत पसंद है। यह मेरी जिंदगी से जुड़ गया है और इसने मेरी कई तरह से मदद की है। जेन को इंस्टाग्राम पर 5 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों का तबादला

**नई दिल्ली।** बंबई उच्च न्यायालय और कर्नाटक उच्च न्यायालय से एक-एक न्यायाधीश का अन्य उच्च न्यायालयों में तबादला किया गया है। कानून मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। बुधवार को इस संबंध में जारी अलग-अलग अधिसूचना के अनुसार बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रंजीत वसंतराव मोरे का तबादला मेघालय उच्च न्यायालय में किया गया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रवि विजय कुमार मलिमथ का तबादला उत्तराखंड उच्च न्यायालय में किया गया है।

### कश्मीर में खाई में गिरने से सेना के जवान की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास गुरेज क्षेत्र में हिमस्खलन के के बाद गहरी खाई में गिरकर सेना के एक जवान की मौत हो गई। सेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सेना के एक अधिकारी ने कहा कि सिपाही करनैल सिंह(22) गुरेज सेक्टर में अग्रिम चौकी पर तैनात थे। 26 फरवरी को अचानक आए हिमस्खलन के कारण वे गहरी खाई में गिर गए। उन्होंने बताया कि सिंह को निकाल कर श्रीनगर के 92 बोस अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। सेना ने बृहस्पतिवार को बादामी बाग छावनी पर सिंह को श्रद्धांजलि दी।

### नागौर घटनाः पायलट ने सोनिया को रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सचिन पायलट ने पिछले दिनों नागौर जिले में दो दलित युवकों की बर्बरता से पिटाई किए जाने के मामले में बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को रिपोर्ट सौंपी। सूत्रों के मुताबिक पायलट ने सोनिया के आवास पर उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से रिपोर्ट दी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नागौर की घटना को 'भयावह और वीभत्स' करार देते हुए प्रदेश की अशोक गहलोत सरकार से कहा था कि वह इस मामले में तत्काल कार्रवाई करे।

### तेलंगाना : नहर में कार गिरने से 3 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नलगोंडा जिले में गुरुवार को एक कार के नहर में गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस ने दी है। यह घटना पीए पल्ले 'मंडल' (ब्लॉक)के पास दुग्लया गांव के करीब घटी। पुलिस के अनुसार, वाहन चालक का कार को नियंत्रित नहीं कर पाया और वाहन पीएमआरपी नहर में जा गिरा। मृतकों की पहचान ओरसु रघु, पत्नी अलीवेलु और बेटी कीर्ति के तौर पर हुई है। वहीं उनके बेटे को बचा लिया गया और वह अस्पताल में भर्ती है।

### लाखों डॉलर की घड़ियां चुराने पर भारतीय को एक साल की सजा

**दुबई।** दुबई में एक नामी दुकान से 20 लाख डॉलर से ज्यादा की 86 महंगी घड़ियां चुराने के अपराध में एक भारतीय को एक साल की सजा सुनाई गई। सफाईकर्मी का काम करने वाले 26 वर्षीय व्यक्ति को बुधवार को दुबई की एक अदालत ने दोषी करार दिया। 'खलीज टाइम्स' की खबर के अनुसार उसपर घड़ियों और आभूषण की दुकान से 86 महंगी घड़ियां चुराने का आरोप था। इस व्यक्ति ने उसी दुकान में चोरी की, जहां पर वह काम करता था।

### छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** नवी मुंबई की पुलिस ने अलग-अलग मौकों पर कई छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। तुर्भे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी लोचन पुरुलेकर कम्प्यूटर शिक्षक है, उसे आईपीसी की धारा 354 (छेड़छाड़) के तहत गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि कम से कम 14 लड़कियों ने पुरुलेकर के बारे में शिकायत की कि वह छुट्टियों के दिन उन्हें अतिरिक्त कक्षा के लिए बुलाता और उनसे छेड़छाड़ करता था।

## दिल्ली दंगों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

# राजधर्म का पालन कराने और गृह मंत्री अमित शाह को हटाने की रखी मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अगुवाई में पार्टी के शिष्टमंडल ने बृहस्पतिवार को दिल्ली हिंसा मामले पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात कर आग्रह किया कि वह केंद्र सरकार से राजधर्म का पालन कराने और गृह मंत्री अमित शाह को हटाने के लिए कदम उठाएं।

राष्ट्रपति से मुलाकात करने वाले पार्टी शिष्टमंडल में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, एके एंटनी, गुलाम नबी आजाद, मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला और कुछ अन्य नेता शामिल थे। कोविंद से मुलाकात के बाद सोनिया ने संवाददाताओं से कहा कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में हमने दिल्ली में स्थिति को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की थी। हमने राष्ट्रपति से मिलने और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने का फैसला किया। उन्होंने ज्ञापन के कुछ हिस्से पढ़े और दावा किया कि केंद्र और दिल्ली सरकार हिंसा को लेकर मूकदर्शक बनी रहीं। गृह मंत्री और प्रशासन की निष्क्रियता से बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ। कांग्रेस की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि हम इस बात को दोहराते हैं कि गृह मंत्री को हटाए जाए क्योंकि वह हिंसा को रोकने में अक्षम साबित हुए। पार्टी ने ज्ञापन में राष्ट्रपति से कहा कि हम आपसे आग्रह करते हैं कि नागरिकों के जीवन, संपत्ति और आजादी की सुरक्षित रखा जाए।

**खास बात**

- मुलाकात के बाद सोनिया ने कहा– सीडब्ल्यूसी की बैठक में हमने दिल्ली में स्थिति को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की



### आधी रात जस्टिस एस मुरलीधर के तबादले पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस एस मुरलीधर का आधीरात तबादला करने को लेकर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने रातोंरात हाईकोर्ट जज के ट्रांसफर को लेकर मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उनके तबादले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। वहीं राहुल गांधी ने ट्वीट कर जस्टिट लोया को याद किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट कर कहा कि मौजूदा मामले को देखते हुए जस्टिस एस मुरलीधर का तबादला चौंकाने वाला नहीं है, बल्कि यह दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने आगे कहा कि लाखों भारतीयों को एक न्यायप्रिय और ईमानदार न्यायपालिका में विश्वास है, न्याय और जनता का विश्वास तोड़ने का सरकार का प्रयास दुस्साहसी है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, बहादुर जज लोया को याद करो, जिनका ट्रांसफर नहीं हुआ था। बता दें कि जस्टिस लोया का दिसंबर 2014 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

### केंद्रीय कानून मंत्री प्रसाद का राहुल पर पलटवार

राहुल गांधी के मोदी सरकार पर हमले के बाद कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने ट्विटर पर पलटवार किया। प्रसाद ने ट्वीट में लिखा कि जस्टिस मुरलीधर का तबादला भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम की इसी साल 12 फरवरी को की गई सिफारिश के अनुरूप किया गया। तबादले के वक्त जज की मंजूरी ली गई। अच्छी तरह से स्थापित प्रकिया का पालन किया गया। प्रसाद ने कांग्रेस पर रूटीन ट्रांसफर के राजनीतिकरण का आरोप लगाया। प्रसाद ने कहा कि रूटीन ट्रांसफर का राजनीतिकरण कर कांग्रेस ने एक बार फिर साबित किया है कि न्यायपालिका का वो कितना कम सम्मान करती है। भारत के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को खारिज कर दिया है। इसलिए वो भारत के संस्थानों पर ही लगातार हमला करके उन्हें नष्ट करने पर आमादा है। केंद्रीय मंत्री ने पूछा कि क्या राहुल गांधी खुद को उच्चतम न्यायालय से ऊपर समझते हैं।

## एनआईए दायर नहीं कर सकी चार्जशीट

# पुलवामा हमले के साजिश के आरोपी को जमानत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- अदालत ने चोपन को जमानत बॉन्ड के साथ 50 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने का दिया आदेश
- जांच में सहयोग करने और जरूरत पड़ने पर कोर्ट के समक्ष होना होगा पेश

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने पुलवामा हमले की साजिश रचने के मामले में एक आरोपी युसुफ चोपन को को जमानत दे दी। अदालत ने चोपन को जमानत देते हुए कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी दी गई समयावधि के भीतर चार्जशीट दायर नहीं कर सकी है। अदालत ने चोपन को जमानत बॉन्ड के साथ 50 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने का भी आदेश दिया है।

### 160 दिन बाद भी चार्जशीट दायर नहीं

युसुफ को यह जमानत उस स्थिति में मिली जब गिरफ्तार किए जाने के 180 दिन के बीत जाने के बाद भी जांच एजेंसी चार्जशीट दाखिल नहीं कर सकी। एनआईए ने स्वीकार किया कि जांच एजेंसी समय निकलने के बाद भी सबूतों के अभाव में चार्जशीट दाखिल नहीं कर सकी है।

### अदालत ने आरोपी को दिए ये निर्देश

जज प्रवीण सिंह ने चोपन को दिए आदेश में कहा कि वह किसी भी प्रकार के अपराध को अंजाम न दे, जिसमें वह वर्तमान मामले में आरोपी है और प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष रूप से मामले के तथ्यों से परिचित किसी भी शख्स से कोई अभद्रता या वादा न करे, न ही सबूतों के साथ किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ न करे। जांच में सहयोग करने और जरूरत पड़ने पर कोर्ट के समक्ष पेश होना होगा।

### अहमद पटेल ने उठाए सवाल

वहीं कांग्रेस नेता अहमद पटेल ने भी एनआईए के चार्जशीट दाखिल न कर पाने पर और आरोपी को जमानत दिए जाने पर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा है कि यह शहीदों का अपमान है। साथ ही उन्होंने सरकार पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

## पीएम मोदी ने की म्यांमार के राष्ट्रपति के साथ वार्ता

# भारत-म्यांमार के बीच 10 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार के राष्ट्रपति यू विन मिंत के साथ व्यापक बातचीत की और दोनों देशों ने म्यांमार के सामाजिक-आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गुरूवार को 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बुधवार को भारत पहुंचे म्यांमार के राष्ट्रपति का राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया गया। उनका और म्यांमार की प्रथम महिला नारगिक दाओ चो चो का राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री मोदी ने स्वागत किया। बाद में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मिंत ने हैदराबाद हाउस में वार्ता की तथा दोनों देशों के बीच 10 करार किये गये। अधिकतर समझौतों में म्यामां में खासकर संघर्ष प्रभावित रखाइन



प्रांत में भारत की सहायता के तहत चल रही विकास परियोजनाओं पर ध्यान दिया गया है। समझौतों में 'मानव तस्करी की रोकथाम के लिए सहयोगः तस्करी पीड़ितों को बचाने, खोजने, वापसी और पुनः मुख्यधारा में शामिल करने' पर एक एमओयू भी शामिल है। म्यामां के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## अमित शाह करेंगे अध्यक्षता

# भुवनेश्वर में आज होगी पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्र और राज्यों के बीच स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिए पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक शुक्रवार को भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी। गृह मंत्रालय के एक बयान के अनुसार बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे और ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के मुख्यमंत्रियों क्रमशः नवीन पटनायक, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और हेमंत सोरेन के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। बैठक में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सामाजिक कल्याण, भाषाई अल्पसंख्यकों, सीमा विवादों से संबंधित साझा हितों



पर चर्चा और कार्रवाई की जा सकती है। बयान में कहा गया है कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की आगामी बैठक में लगभग चार दर्जन मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा, जिसमें अंतर-राज्यीय जल मुद्दे, बिजली पारेषण लाइनें, कोयले पर रॉयल्टी, कोयला खदानों के संचालन, रेल परियोजनाओं के लिए भूमि और वन मंजूरी, देश की सीमाओं के पार पशु तस्करी, जघन्य अपराधों की जांच शामिल हैं।

## ईपीएफओ ने शुरू की सब्मिट करने की ऑनलाइन सुविधा

# 64 लाख पेंशनभोगी घर बैठे जमा कर सकेंगे लाइफ सर्टिफिकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब ईपीएफओ के पेंशनभोगी घर बैठे ही लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवा सकेंगे। पेंशनभोगियों के लिए नई सुविधा शुरू की गई है। दरअसल, पेंशनभोगी को हर साल लाइफ सर्टिफिकेट के जरिए जिंदा होने का सबूत देना पड़ता है। यही वजह है कि पेंशनभोगी ईपीएफओ में लाइफ सर्टिफिकेट सबमिट करते हैं। पहले ये सुविधा सिर्फ ऑफलाइन थी लेकिन हाल ही में ईपीएफओ ने ऑनलाइन भी लाइफ सर्टिफिकेट सबमिट करने का ऑप्शन दिया है। ईपीएफओ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक पेंशनभोगी अब अपनी सुविधा के हिसाब से



साल के किसी भी समय ऑनलाइन माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। सबमिशन की तारीख से एक साल तक के लिए यह लाइफ सर्टिफिकेट वैलिड होता है।

### हर साल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य

हर साल यह लाइफ सर्टिफिकेट सबमिट करना अनिवार्य है। यहां बता दें कि देशभर में करीब 64 लाख लोगों को हर साल लाइफ सर्टिफिकेट सबमिट करना पड़ता है। कहने का मतलब ये है कि ईपीएफओ की नई सुविधा का फायदा इन लोगों को मिलेगा। ऐसे में अगर आपने इस सर्टिफिकेट को सबमिट नहीं किया तो आपकी पेंशन रोकी जा सकती है।

- हर साल पेंशनभोगी को लाइफ सर्टिफिकेट के जरिए देना पड़ता है जिंदा रहने का सबूत
- पहले यह सुविधा ऑफलाइन थी

## भेंट की चादर...



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के सालाना उर्स के मौके पर बृहस्पतिवार को चादर भेंट की। सोनिया के चादर भेंट करने के मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## पीएनबी धोखाधड़ी मामला

# ब्रिटेन की कोर्ट ने नीरव की रिमांड 24 मार्च तक बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की एक अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की रिमांड 24 मार्च तक बढ़ा दी। उसने पंजाब नेशनल बैंक के साथ करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी और धनशोधन के सिलसिले में भारत प्रत्यर्पण किये जाने के मामले को अदालत में चुनौती दी है। नीरव मोदी मंगलवार को लंदन की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में सुनवाई के लिए दक्षिण-पश्चिम लंदन में वैंड्सवर्थ जेल से वीडियोलिंक के



माध्यम से पेश हुआ। न्यायाधीश डेविड रोबिनसन ने कहा कि आज की सुनवाई का उद्देश्य अगली सुनवाई के बारे में तय करना था जो 24 मार्च को होगी। नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के मामले में सुनवाई 11 मई से पांच दिन तक चलेगी।

## महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला

# भीमा कोरेगांव और मराठा आंदोलन के 808 केस वापस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लेते हुए भीमा कोरेगांव और मराठा आंदोलन से जुड़े कई मामलों को वापस लेने की घोषणा की है। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री अनिल देशमुख ने जानकारी दी है कि भीमा कोरेगांव केस से जुड़े कुल 649 मामलों में से 348 मामले महाराष्ट्र सरकार वापस ले रही है। साथ ही मराठा आंदोलन के कुल 548 केस में से 460 मामलों को भी सरकार ने वापस लेने की घोषणा की है। बता दें कि कोरेगांव भीमा जांच



- महाराष्ट्र सरकार में मंत्री अनिल देशमुख ने जानकारी दी

आयोग ने 2018 को हुई हिंसा के मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार को तलब करने का निर्णय किया है।

# तटीय सुरक्षा मजबूत करने के लिए 'वज्र' का जलावतरण

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तटीय सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए गश्ती पोत 'यार्ड 45006 वज्र' को पोत परिवहन मंत्री मनसुख मांडविया और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से सेवा में शामिल कर लिया गया। मांडविया ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत लार्सन एंड टुब्रो द्वारा निर्मित पोत का इस्तेमाल दिन और रात की गश्ती के लिए होगा। केंद्रीय मंत्री की पत्नी गीता मांडविया ने यहां कट्टूपल्ली बंदरगाह पर पोत का जलावतरण किया। तटरक्षक के निदेशक जनरल के. नटराजन और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे।



मंत्री ने कहा कि तटीय सुरक्षा को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता के तहत कट्टूपल्ली में लार्सन एंड टुब्रो शिपबिल्डिंग लिमिटेड में छठे गश्ती पोत वज्र का जलावतरण किया गया। उन्होंने कहा कि यह उन्नत किस्म की नौवहन और संचार प्रणाली से लैस है। इसके साथ ही इसमें नयी मशीनरी और उपकरणों का इस्तेमाल हुआ है। ऐसे में इससे लगातार निगरानी की जा सकेगी।

## बढ़ेगी नौसेना के बेड़े की मारक क्षमता, मेक इन इंडिया अभियान को भी मिलेगी मजबूती

# अगले साल से नौसेना को मिलेंगे 24 एमएच-60 रोमियो हेलिकॉप्टर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नौसेना को अगले वर्ष 2021 की शुरुआत से 24 मल्टी रोल हेलिकॉप्टर एमएच-60 मिलने शुरू हो जाएंगे। इसे लेकर बीते 25 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे के वक्त दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। नौसेना के मुताबिक इन हेलिकाप्टरों को विदेशी सैन्य खरीद रूट (एफएमएस) के जरिए बॉय (ग्लोबल) श्रेणी के तहत अमेरिका से खरीदा जा रहा है। इनके नौसेना में शामिल होने के बाद उसकी ताकत में काफी इजाफा होगा और मेक इन इंडिया



अभियान को भी इससे काफी बल मिलेगा। यह हेलिकॉप्टर नौसेना के लंबी दूरी के पी8आई विमान से लेकर उसके किसी भी समुद्री जंगी युद्धपोत के साथ समुद्री गश्त के दौरान बेहतर तालमेल बिठाते हुए जरुरत पड़ने पर प्रचंड विध्वंसक कार्रवाई करने में सक्षम हैं। इसलिए इन्हें फोर्स मल्टीप्लायर भी कहा जाता है।

### पुराने हेलिकॉप्टरों की जगह लेंगे

यह 24 एमआरएच नौसेना में लंबे अर्से से प्रयोग किए जा रहे सीकिंग 42 और 42-अल्फा की जगह लेंगे। यह दोनों हेलिकॉप्टर नौसेना के बेड़े में शामिल प्राचीनतम हेलिकॉप्टरों में हैं, जिन्हें 1990 में नौसेना ने प्रयोग करना बंद कर दिया था। अब नए हेलिकॉप्टरों को नौसैन्य युद्धपोतों, बल के अग्रणी जहाजों में समुद्री गश्त और निगरानी से जुड़े अभियानों के दौरान प्रयोग किया जाएगा। जिससे नौसेना की समुद्री निगरानी के साथ-साथ मारक क्षमता भी काफी बढ़ेगी। 2021 में एमआरएच की आवक होनी है। यह वह वक्त होगा जब हिंद महासागर में पनडुब्बियों के जमावड़े की वजह से सुरक्षा का खतरा पैदा होगा।

### आक्रमण, सुरक्षा में मददगार

नौसेना के लिए 24 एमआरएच हेलिकॉप्टर दुश्मन पर तत्काल हमला करने से लेकर स्वयं की सुरक्षा प्रदान करने में भी बेहद मददगार साबित होगें। इसके अलावा इससे गहरे समुद्र में पनडुब्बी रोधी अभियान चलाने, जंगी युद्धपोतों को निशाना बनाने, कम आवृति के समुद्री अभियान चलाने से लेकर सर्च एंड रेस्क्यु अभियान चलाने, नेटवर्क सेंटरिक और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में भी मदद मिलेगी।

### मेक इन इंडिया को बढ़ावा

इन हेलिकॉप्टरों की खरीद अमेरिका से विदेशी सैन्य खरीद रूट के तहत की जाएगी। लेकिन इससे भारत के मेक इन इंडिया अभियान को भी मदद मिलेगी। जिसमें अमेरिकी एमआरएच बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन द्वारा तकनीक हस्तांतरण के जरिए भारतीय पार्टनर के लिए ऑफसेट की जरूरतें पूरी की जाएंगी। जिससे वह भी भविष्य में आवश्यक उत्पाद और सेवाएं शुरु कर सकेगी। इससे तकनीक भारतीय कंपनी को मिलेगी, स्किल का विकास होगा, रक्षा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ेगी, रोजगार में इजाफा होगा, एमएसएमई को मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी।

# सऊदी अरब ने पवित्र स्थलों की यात्रा पर लगाई रोक, ईरान में 26 लोगों की मौत

- पश्चिम एशिया में कोरोना के 240 से अधिक मामले सामने आने के बाद उठाया गया यह कदम
- सऊदी अरब के इस फैसले का मकसद विदेशी नागरिकों को पवित्र शहर मक्का और काबा जाने से रोकना है

एजेंसी ▶▶ दुबई

सालाना हज यात्रा से कुछ महीने पहले कोरोना वायरस के संक्रमण की आशंका को देखते हुए सऊदी अरब ने बृहस्पतिवार को इस्लाम के सबसे पवित्र स्थलों की यात्रा पर रोक लगा दी है। पश्चिम एशिया में कोरोना वायरस के 240 से अधिक मामले सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है। सऊदी अरब के इस फैसले का मकसद विदेशी नागरिकों को पवित्र शहर मक्का और काबा जाने से रोकना है, जहां दुनिया के एक अरब 80 करोड़ मुस्लिम एक दिन में पांच बार की नमाज अदा करते हैं। फैसले में यह भी कहा गया है कि मदीना में पैगम्बर मोहम्मद की मस्जिद की यात्रा पर भी रोक रहेगी। अधिकारियों ने विषाणु से प्रभावित देशों से टूरिस्ट वीजा पर सऊदी आने वाले लोगों के प्रवेश पर भी रोक लगा दी है। यह घोषणा सऊदी अरब में महामारी के संभावित प्रसार को लेकर उसकी चिंता दर्शाती है।

पश्चिम एशिया में महामारी का केंद्र और इससे सबसे अधिक प्रभावित देश ईरान है जहां इस विषाणु के 245 पुष्ट मामलों में से 26 लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता किनोश जहांपौर ने बृहस्पतिवार (27 फरवरी) को संवाददाता सम्मेलन में मृतकों की संख्या के बारे में बताया। तेल बहुल छोटे से देश कुवैत में भी विषाणु से संक्रमण के मामलों में अचानक इजाफा हुआ है और इससे संक्रमित लोगों की संख्या बृहस्पतिवार (27 फरवरी) को 26 से बढ़कर 43 हो गई है। पीड़ित सभी लोग हाल में ईरान से यात्रा कर लौटे थे।



## वुहान से निकाले गए 76 भारतीयों, 36 विदेशियों को आईटीबीपी केंद्र ले जाया गया

**नई दिल्ली।** चीन के कोरोना वायरस से प्रभावित वुहान शहर से निकाले गए 76 भारतीयों और 36 विदेशियों को बृहस्पतिवार सुबह को अलग रखने के लिए आईटीबीपी के एक केंद्र में ले जाया जा रहा है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक प्रवक्ता ने कहा कि बचाए गए लोगों को हवाईअड्डे पर थर्मल जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा जिसके बाद उन्हें छावला इलाके में हमारे केंद्र में अलग रखा जाएगा। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) का सी-17 ग्लोबमास्टर 3, 76 भारतीय समेत 112 लोगों को लेकर आया। इनमें 23 नागरिक बांग्लादेश, छह चीन के, म्यामां और मालदीव के दो-दो तथा दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका तथा मेडागास्कर के एक-एक नागरिक शामिल हैं। सेना का हेलीकॉप्टर बुधवार को वुहान भेजा गया और वह चीन में कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों के लिए 15 टन चिकित्सा आपूर्ति लेकर गया।

## वायरस से चीन में मरने वालों की संख्या 2,744 हुई

**बीजिंग।** चीन में महामारी का रूप ले चुके कोरोना वायरस से बुधवार को 29 और लोगों की मौत से इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,744 हो गई है। देश में अभी इसके कुल 78,497 मामले हैं। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने बताया कि 31 प्रांत स्तरीय क्षेत्रों में बुधवार को इससे 29 लोगों की जान चली गई और 433 नए मामले सामने आए हैं। एनएचसी ने बताया कि 29 में से 26 लोग हुबेई प्रांत और उसकी राजधानी वुहान में मारे गए। वहीं बीजिंग, हेइलोंगजियांग और हेनान में इससे एक-एक व्यक्ति मारा गया। हुबेई प्रांत में ही 2,641 लोगों की जान इससे जान जा चुकी है। इनमें से




2,104 लोग वुहान में मारे गए, जहां पिछले साल दिसम्बर से यह वायरस फैलना शुरू हुआ था। स्थानीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि प्रांत में आवाजाही पूरी तरह बंद है, बुधवार को वहां इसके 409 नए मामले सामने आए, जिससे इसके कुल 65,596 इतने मामलों की पुष्टि हो गई। वुहान में बुधवार को इसके 383 नए मामले सामने आए और इससे 19 लोगों की जान चली गई।

## द. कोरिया में वायरस के 1,766 मामले सामने आए

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के 171 नए मामले सामने आने के बाद इससे संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर गुरुवार को 1,766 हो गई। देश के रोग नियंत्रण एवं बचाव केंद्र ने बताया कि दक्षिण पूर्वी शहर दाएगू में इसके 115 नए मामले सामने आए हैं, जहां इसके अभी कुल 1,100 मामले सामने आ चुके हैं। देश में अभी तक इससे 13 लोगों की जान भी जा चुकी है। इस बीच, अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेना ने अपने आगामी संयुक्त अभ्यास को गुरुवार को स्थगित कर दिया। 'कम्बाइंड फोर्सेज कमांड' ने कहा कि वायरस को लेकर सियोल के बेहद गंभीर स्तर का अलर्ट घोषित करने के बाद यह निर्णय किया गया । उसने कहा कि अगला नोटिस जारी किए जाने तक इसे स्थगित किया जाता है।

## कोरोना के खिलाफ प्रयासों का नेतृत्व माइक पेंस करेंगे: ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि उपराष्ट्रपति माइक पेंस देश में कोरोना वायरस के खिलाफ प्रशासन के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। भारत से लौटने के कुछ घंटे बाद ट्रम्प ने अमेरिका में स्थिति का जायजा लेने के लिए बुधवार को कई दौर की बैठक की। व्हाइट हाउस में देर शाम आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने घोषणा की कि उपराष्ट्रपति पेंस विषाणु के प्रसार को रोकने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे। इस विषाणु के कारण दुनिया भर में 2700 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा कि हम वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं और माइक इसके प्रभारी होंगे। माइक मुझे रिपोर्ट करेंगे।



## फेसबुक ने वायरस के बारे में गलत दावे वाले विज्ञापनों पर लगाया प्रतिबंध

**सान फ्रांसिस्को।** फेसबुक ने नए कोरोना वायरस के बारे में गलत दावे करने वाले विज्ञापनों को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है। ये विज्ञापन ऐसे उत्पादों से संबंधित हैं जिनमें इस वायरस को लेकर तमाम दावे किए गए हैं। सोशल नेटवर्किंग कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ऐसे विज्ञापनों को हटा रही है जिसमें किसी उत्पाद का जिक्र है और साथ ही यह भी लिखा है कि इसकी आपूर्ति सीमित है। इसके अलावा ऐसे विज्ञापन भी हटाए जा रहे हैं जिनमें वायरस से बचाव या इलाज की गारंटी दी गई है। कंपनी ने उदाहरण देते हुए कहा कि फेस मास्क के ऐसे विज्ञापन जिनमें वायरस से बचाव की 100 प्रतिशत गारंटी दी गई, को अनुमति नहीं दी जाएगी।










हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109